
सुप्रभात
रांची, गुरुवार
30.11.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, तृतीया संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 137



12 हाथ से बुने कपड़ों को ज्यादा पसंद करती है सोनम कपूर

## न्यूज डायरी

### आज से महिला किसान ड्रोन केंद्र की शुरुआत

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार की सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के लाभार्थियों से बातचीत करेंगे और प्रधानमंत्री महिला किसान ड्रोन केंद्र का शुभारंभ करेंगे। इसी कार्यक्रम में जनऔषधि केंद्रों की संख्या ढाई गुना करने के कार्यक्रम का देवघर से शुभारंभ भी करेंगे।

### राहुल द्रविड़ बने रहेंगे टीम इंडिया के हेड कोच

**नयी दिल्ली।** राहुल द्रविड़ टीम इंडिया के हेड कोच बने रहेंगे। बीसीसीआई ने इसका ऐलान कर दिया है। यह कदम जून 2024 में होने वाले टी-20 वर्ल्ड कप के लिहाज से अहम माना जा रहा है। वर्ल्ड कप 2023 के बाद द्रविड़ का कार्यकाल खत्म हो गया था।

### पलामू : ट्रक ने दो सगे भाइयों को रौंदा, मौत

**पलामू।** जिले में सदर थाना क्षेत्र के रजवाडीह में एक ट्रक ने बाइक सवार दो सगे भाइयों (संजू और रवींद्र गिरी) को रौंद दिया। जिसमें दोनों की मौत हो गयी। दुर्घटना इतनी दर्दनाक थी कि दोनों शव के चिथड़े उड़ गये थे। नाराज लोगों ने डालटनगंज-पांकी रोड को जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया।

### धनबाद : अपराधियों ने व्यवसायी को मारी गोली

**धनबाद।** जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमा घाटा में बदमाशों ने जमीन व्यवसायी कृष्णा मंडल को गोली मार दी। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जेपी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें दुर्गापुर रेफर कर दिया गया।

### सोने की चमक ने तोड़ डाले सारे रिकॉर्ड

**मुंबई।** सोने की चमक ने नया रिकॉर्ड बना लिया है। एमसीएक्स पर सोने के दाम ऑलटाइम हाई पर है। सोना बुधवार को 62883 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ पहुंचा है जो इसका अभी तक का उच्चतम स्तर है। फ्यूचर मार्केट में सोना 62722 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

### श्रमिकों का चिन्यालीसौड़ में हो रहा प्राथमिक उपचार

**उत्तरकाशी (उत्तराखंड)।** सिलक्यारा टनल से मंगलवार को रेस्क्यू किये गये 41 मजदूरों को चिन्यालीसौड़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। डॉक्टर इनके स्वास्थ्य की पल-पल की अपडेट ले रहे हैं। इसके साथ ही मनोवैज्ञानिक भी 17 दिन से टनल में फंसे इन मजदूरों की मेंटल हेल्थ को नॉर्मल करने की कोशिश में लगे हैं।

### आज देवघर में जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन करेंगे पीएम

**देवघर।** पीएम मोदी गुरुवार को दिल्ली से ऑनलाइन देवघर एम्स में जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करेंगे। देवघर एम्स परिसर में अमृत फार्मेसी के बगल में ही पीएम जन औषधि केंद्र तैयार किया गया है। पीएमबीआई के सीइओ रवि दाधिची ने एम्स के निदेशक को पत्र भेज बताया है कि पीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से देश के 10 हजारवें केंद्र का उद्घाटन करेंगे।

## चुनावी सीजन में मोदी सरकार के कई बड़े फैसले, पीवीटीजी की दशा सुधारने को 24,104 करोड़

# अब 2028 तक गरीबों को मुफ्त अनाज

- कैबिनेट का फैसला : 1261 करोड़ रुपये से महिला स्वयं सहायता समूहों को दिया जायेगा ड्रोन

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव और पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बीच मोदी सरकार ने कई बड़े फैसला किये। केंद्र सरकार ने देश के 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाइ) को पांच वर्ष तक के लिए बढ़ाने पर अपनी मुहर लगा दी है। इससे 11.80 लाख करोड़ रुपये के प्रावधान से 81. 35 करोड़ लोगों को अगले पांच वर्ष तक निःशुल्क अनाज मिलता रहेगा। यह योजना 31 दिसंबर, 2023 को खत्म हो रही थी। अब 2028 तक गरीबों को लाभ मिलता रहेग। साथ ही केंद्रीय केंद्रीय कैबिनेट ने 1261 करोड़ रुपये के प्रावधान से महिला स्वयं सहायता समूहों को ड्रोन प्रदान करने के लिए केंद्रीय योजना को भी मंजूरी दे दी। वहीं मंत्रिमंडल ने कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए 24,104 करोड़ रुपये के प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) को मंजूरी दी है। (शेष पेज 11 पर)

### पीएम जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान

कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए 24,104 करोड़ रुपये के प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) को मंजूरी दी है। प्रस्ताव के अनुसार इस 24104 करोड़ रुपये की राशि में केंद्रीय हिस्सेदारीः 15,336 करोड़ रुपये और राज्य हिस्सेदारी 8,768 करोड़ रुपये तय की गयी है। इस अभियान की बजट भाषण 2023-24 में घोषणा की गयी थी। बुधवार को फैसले की जानकारी दी गयी। देश भर में जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार के लिए यह योजना शुरू की गयी है। इसके तहत पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण तक बेहतर पहुंच, सड़क और दूरसंचार कनेक्टिविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया करायेगा।



### 15 हजार महिलाओं को ड्रोन मिलेगा

बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में 1261 करोड़ रुपये के प्रावधान से महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी)को ड्रोन प्रदान करने के लिए केंद्रीय योजना के प्रस्ताव का अनुमोदन कर दिया। यह योजना वर्ष 2024-25 से वर्ष 2025-26 की अवधि में प्रभावी होगी। इस योजना का लक्ष्य वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-2026 की अवधि में कृषि उद्देश्यों के लिए किसानों को सेवाएं प्रदान करने के लिए 15 हजार चयनित महिलाओं को ड्रोन प्रदान करना है। यह योजना महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने और कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक को प्रोत्साहन देती है। यह योजना कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय, उर्वरक मंत्रालय, महिला स्वयंसेवा समूह और प्रमुख उर्वरक कंपनियों के संसाधनों और प्रयासों से लागू की जायेगी। ड्रोन और सहायक उपकरण और सहायक शुल्क की लागत का 80 प्रतिशत, अधिकतम आठ लाख रुपए महिला समूह को दिये जाएंगे। शेष राशि को तीन प्रतिशत की ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जायेगा।

## एसलबीसी की बैठक में डिजिटल फ्रॉड रोकने पर चर्चा

# ग्रामीण जनता के हितों को ध्यान में रखें सभी बैंक: डॉ रामेश्वर उरांव



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में बैंकों के सीडी रेशियो को 2030 तक राष्ट्रीय स्तर पर लाने के लिए झारखंड सरकार और बैंक मिलकर कदम उठायेगा। राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी) की बुधवार को हुई 85वीं त्रैमासिक बैठक में यह निर्णय लिया गया। वर्तमान समय में झारखंड का सीडी रेशियो 45% है जो राष्ट्रीय औसत से करीब 15% कम है। एसएलबीसी की बैठक में डिजिटल फ्रॉड को गंभीर मामला बताते हुए इसके रोकथाम के उपायों पर भी चर्चा की गयी।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित थे। उन्होंने सदस्य बैंकों को राज्य के आर्थिक योगदान मे मदद प्रदान करने के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही बैंकों को राज्य की ग्रामीण जनता के हितों को ध्यान मे रखकर कार्य करने की सलाह दी।

डा उरांव ने कहा कि लाह की खेती को बढ़ावा देने में भी बैंक को आगे आना चाहिए। वित्त मंत्री ने अनुसूचित जनजाति को बैंक लोन नहीं दिये जाने पर चिंता जताते हुए कहा कि इस पर जो कुछ भी तकनीकी अड़चनें हैं इसे दूर करने की जरूरत है। सरकार भी इस दिशा में एसटी जमीन लीज की समयसीमा 5 साल के बजाय 15 साल करने पर विचार कर रही है। (शेष पेज 11 पर)

### अमीषा पटेल को कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**रांची।** फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से जुड़े चेक बाउंस मामले में शिकायतकर्ता के गवाह अजय कुमार का प्रति-परीक्षण करने की इजाजत अदालत ने दे दी है। साथ ही, अदालत ने अमीषा पर जुर्माना भी लगाया है। न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में अपना सुरक्षित आदेश बुधवार को सुनाई। 22 नवंबर को याचिका पर सुनवाई के बाद अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। अमीषा के अधिवक्ता ने शिकायतकर्ता के गवाह का प्रति-परीक्षण के लिए पिछले दिनों याचिका दायर की थी। जिरह अगले सप्ताह होगा। पूर्व की सुनवाई में गवाह का समय पर प्रति-परीक्षण नहीं करने पर अदालत 500 रुपये जुर्माना लगा चुकी है। मालूम हो कि फिल्म मेकर रांची अरगोड़ा के अजय सिंह को फिल्म बनाने के नाम पर अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपये दिया था, जो बाउंस हुआ।



## सिमडेगा में बोले सीएम- सरकारी कर्मियों को निष्ठा से काम करना होगा

# राज्य के हर तबके के विकास को सरकार प्रतिबद्ध है : हेमंत सोरेन

- बेहतर काम करने वाले कर्मी किये जायेंगे पुरस्कृत
- सरकार की योजनाओं से लोग बन रहे सशक्त और आत्मनिर्भर
- कमजोर तबके को सरकार दे रही उनका हक-अधिकार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/सिमडेगा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि उनकी सरकार राज्य वासियों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार यहां के आदिवासियों- मूल वासियों, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रही है। पिछली सरकारों ने जनता के हित में कोई काम नहीं किया, अब हमारी सरकार राज्य से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का आकलन कर उसी के अनुकूल योजना बनाकर धरातल पर उतार रही है। जब तक सरकार अपने लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच नहीं देगी, राज्य मजबूती से आगे नहीं बढ़ेगा। इसी सोच को ध्यान में रखकर हमने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। राज्य के हर वर्ग और तबके के लोगों का आगे बढ़ने का रास्ता सरकार ने खोल दिया है। नौजवानों को सरकारी नौकरी के साथ निजी क्षेत्र में भी ऑफर लेटर बड़े पैमाने पर दिया जा रहा है। (शेष पेज 11 पर)

### आदिम जनजाति के बच्चे भी बनेंगे अफसर



मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर हम समय रहते नहीं चेते तो आदिम जनजाति विलुप्ति के कगार पर पहुंच जायेगी। हमारी सरकार आदिम जनजातियों को सशक्त करने की दिशा में लगाकर प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में आदिम जनजाति के विद्यार्थियों को प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग कराई जा रही है। मुझे पूरा विश्वास है कि ये बच्चे अपनी मेहनत से अपना मुकाम हासिल करेंगे और कलेक्टर तथा अन्य बड़े अधिकारी बनकर अपने परिवार और जनजाति का नाम रोशन करेंगे।

# दो दिन के दौरे पर आज रांची आयेंगे गृह मंत्री

- बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस पर मेरू जायेंगे

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** दो दिन के सरकारी दौरे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गुरुवार को रांची आ रहे रहे हैं। विशेष विमान से वह बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगे। रांची से वह मेरू, हजारीबाग रवाना होंगे। देश की प्रथम रक्षा पंक्ति बीएसएफ के 59वें स्थापना दिवस समारोह में एक दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री शामिल हांगे। जवानों को संबोधित करेंगे। रांची से वह बीएसएफ के हेलिकॉप्टर से हजारीबाग स्थित मेरू कैंप पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर सुरक्षा व अन्य तमाम तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार श्री शाह का पार्टी नेताओं से मिलने का फिलहाल कोई कार्यक्रम तय नहीं है।


गृहमंत्री के आगमन को लेकर रांची सदर अस्पताल के चिकित्सक अलर्ट पर हैं। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पांच सदस्यीय चिकित्सा दल का गठन किया गया है। साथ ही उन्हें निर्देश दिया गया है कि 30 और 1 दिसंबर को सुबह 9:00 बजे से चिकित्सा दल आवश्यक दवा, उपचार सामग्री के साथ बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर तैनात रहेंगे। टीम में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शुभम शेखर, फार्मासिस्ट हर्ष कुमार महतो, प्रकाश अवस्थी, एमपीडब्लू कर्मचारी शैलेश कुमार और चालक हरि नारायण हलधर मौजूद रहेंगे।

## कोलकाता रैली में बोले शाह- 2026 में यहां भाजपा की बनेगी सरकार

# सीएए लागू होने से कोई नहीं रोक सकता

**एजेंसी**

**कोलकाता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पुरजोर शब्दों में कहा कि केंद्र सरकार संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लागू करेगी और कोई इसे नहीं रोक सकता। सीएए देश का कानून है और इसे कोई नहीं रोक सकता... हम इसे लागू करेंगे। शाह ने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान की शुरुआत करते हुए यहां एक बड़ी रैली को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने तुष्टीकरण, घुसपैठ, भ्रष्टाचार और राजनीतिक हिंसा जैसे मुद्दों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने राज्य को बर्बाद' कर दिया है। शाह ने कहा कि घुसपैठ को समर्थन देने के कारण ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा 2026 में दो-तिहाई बहुमत के साथ राज्य की सत्ता में आयेगी। श्री शाह ने आरोप लगाया कि टीएमसी ने पिछला विधानसभा चुनाव गड़बड़ी करके जीता था।



**सीएए देश में लागू किया जायेगा :** गृह मंत्री ने कहा, यह कानून अभी अधर में है क्योंकि कानून के खिलाफ विपक्ष के कड़े रुख के बीच केंद्र सरकार ने अब तक इसके नियम नहीं बनाये हैं। संसद ने इस कानून को 2019 में मंजूरी दी थी। शाह ने कहा कि ममता बनर्जी ने घुसपैठ के मुद्दे पर एक बार संसद को ठप्प कर दिया था, लेकिन अब वह चुप हैं। उन्होंने दावा किया कि असम में भाजपा के सत्ता में आने के बाद कोई भी वहां घुसपैठ नहीं कर सकता। पश्चिम बंगाल में तृणमूल सरकार की वोट बैंक की राजनीति के कारण घुसपैठ जारी है। ममता बनर्जी सीएए का विरोध कर रही हैं, लेकिन मैं साफ कह दूं कि सीएए देश में लागू किया जायेगा। कोई भी सीएए को लागू होने से नहीं रोक सकता। (शेष पेज 11 पर)

## एक हजार करोड़ अवैध खनन मामले की जांच

# फिर सीबीआइ की टीम पहुंची साहिबगंज, पूछताछ की

**खबर मन्त्र संबाददाता**

**साहिबगंज।** अवैध खनन मामले की जांच करने सीबीआइ की टीम बुधवार को फिर साहिबगंज पहुंची। नींबू पहाड़ में हुए 1000 करोड़ के अवैध खनन की टीम जांच कर रही है। साहिबगंज पहुंचते ही सबसे पहले टीम ने अपनी सुरक्षा का इंतजाम किया। जिला पुलिस प्रशासन ने फोर्स की व्यवस्था की। ठीक दस बजे टीम साहिबगंज व्यवहार न्यायालय एडीजे कोर्ट पहुंची। टीम के सदस्य दस मिनट तक जज से मिले, उसके बाद जरूरी दस्तावेज लेकर सर्किट हाउस पहुंचे।

**पदाधिकारियों से पूछताछ :** इस बार सीबीआई उन पदाधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है जिन्होंने अवैध खनन मामले में ईडी के गवाह विजय हांसदा की मदद की और अवैध खनन को बढ़ावा दिया। टीम में डीएसपी कृष्णकांत सिंह, सीनियर पीपी प्रियांशु सिंह के साथ दो पदाधिकारी शामिल हैं। इडी के गवाह विजय हांसदा के मुकरने और नींबू पहाड़ में अवैध खनन को लेकर हाईकोर्ट ने जांच की जिम्मेदारी सीबीआइ को दी है। पहले भी सीबीआइ इडी के गवाह नींबू पहाड़ भवानी चौकी के अध्यक्ष विजय हांसदा, विजय हांसदा के वकील, अशोक यादव, पवित्र यादव, संजय यादव काला, संजय यादव गोरा समेत भवानी चौकी के दर्जनों ग्रामीणों से पूछताछ की गयी थी। फिर टीम खनन कार्यालय पहुंची और खनन पदाधिकारी विभूति कुमार से मिल कर कई जानकारी हासिल की।

## टनल हादसा : निकाले गये श्रमिकों की घर वापसी का काउंटडाउन शुरू

# शीघ्र दिल्ली से उड़ान भरेगी झारखंड की टीम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्तरकाशी के टनल में 17 दिनों तक फंसकर बाहर निकले झारखंड के 15 मजदूरों की घर वापसी का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। जैप आइटी के सीइओ भुवनेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में श्रम विभाग की टीम वापसी की पूरी तैयारी कर चुकी है। सारी प्रक्रिया पूरी होते ही मजदूरों को शीघ्र झारखंड लाया जायेगा। संभव है श्रमिकों को लेकल गुरुवार को ही टीम रांची पहुंच जाये। झारखंड की एक टीम वहां मौजूद है। टीम के



अधिकारी झारखंड के श्रमिकों से लगातार मिल कर उनका हालचाल ले रहे हैं।

भुवनेश प्रताप सिंह ने बताया कि सभी मजदूरों का फाइनल मेडिकल चेकअप एम्स, ऋषिकेश में किया जा रहा है। जांच के बाद मेडिकल टीम का अप्रूवल मिलते ही रांची लौटने की प्रक्रिया शुरू होगी। उन्होंने बताया कि संभावना है अपने मजदूरों को लेकर 30 को सेवा विमान से दिल्ली से रांची लाया जायेगा। वहीं श्रम विभाग के संयुक्त कमिश्नर राकेश प्रसाद ने बताया है कि पूरी टीम तैयार है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के मुताबिक उत्तराखंड प्रशासन और वहां की मेडिकल टीम से परमिशन मिलते ही श्रमिकों को पहले दिल्ली ले जाया जायेगा। वहां से हवाई जहाज से रांची ले कर आयेंगे। झारखंड के सभी 15 मजदूर स्वस्थ हैं।

**श्रमिकों के गांवों में खुशी का माहौल :** इधर टनल से निकले झारखंड के सभी 15 श्रमिकों के गांवों में खुशी का माहौल है। श्रमिकों के परिवार वाले पूजा पाठ कर रहे हैं और उनके दीदार के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रांची के ओरमांझी, खूंटी के कर्रा, पूर्वी सिंहभूम के घाटशिला और गिरिडीह के सभी 15 श्रमिकों के परिवारों के संपर्क में हैं। पूर्वी सिंहभूम के डुमरिया प्रखंड के 6 मजदूरों बाहर आ जाने के बाद परिवार वालों ने राहत की सांस ली। (शेष पेज 11 पर)

## राम नगरी को भव्य बनाने को योगी ने खोला खजाना

**एजेंसी**

**लखनऊ/अयोध्या।** यूपी की योगी सरकार ने रामनगरी को और भव्य बनाने के लिए खजाना खोल दिया है। सरकार ने अयोध्या संरक्षण और विकास निधि के लिए 50 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। 'रामोत्सव' 2023-24 के लिए 100 करोड़ रुपये और अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय रामायण और वैदिक अनुसंधान संस्थान के विकास और विस्तार के लिए 25 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

विधानसभा सत्र के दूसरे दिन मंत्री सुरेश खन्ना ने अनुपूरक बजट पेश किया। इस बजट में सबसे ज्यादा अयोध्या के लिए प्रावधान किये गये हैं। अनुपूरक बजट में बिजली क्षेत्र को 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन के साथ सबसे बड़ा हिस्सा मिला। बिजली क्षेत्र के लिए आवंटन में किसानों को मुफ्त बिजली के लिए 900 करोड़ रुपये भी शामिल हैं। सरकारी अधिकारियों के मुताबिक गन्ना किसानों का बकाया चुकाने के लिए 400 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को राज्य विधानसभा में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 28,760.67 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 79,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख



# राज्य के जिला अस्पतालों में बनेगा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

● रांची के सदर में एक करोड़ 62 लाख 48 हजार रुपये की लागत से बनेगा लैब

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी के सदर हॉस्पिटल समेत राज्य के सभी जिला अस्पतालों में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना होगी। इसकी स्थाना केंद्र प्रायोजित योजना पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर स्कीम एवं राज्य योजना मद से की जायेगी। राज्य के अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य अरुण कुमार सिंह ने इसकी स्वीकृति दे दी है। योजना का कार्यान्वयन पीएम आयुष्मान भारत मिशन के अधीन भारत सरकार और राज्य सरकार के बीच किये गये एमओयू के तहत होगा। लैब बनने से मरीजों को पैथोलॉजिकल जांच कराने के लिए इधर-उधर भटकना नहीं पड़ेगा।

### यहां बनेगा इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब

राज्य के सरायकेला खरसावां में एक करोड़ 71 लाख 71 हजार 900 रुपये से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना होगी। इसी तरह जामताड़ा में एक करोड़ 78 लाख 75 हजार रुपये की लागत से, चतरा में एक करोड़ 31 लाख 80 हजार 900 रुपये की लागत से, दुमका में एक करोड़ 45 लाख 6 हजार 400 रुपये की लागत से, पलामू में एक करोड़ 59 लाख 98 हजार 400 रुपये की लागत से, पूर्वी सिंहभूम में एक करोड़ 42 लाख 93 हजार 300 रुपये की लागत से, कोडरमा में एक करोड़ 46 लाख 77 हजार 900 रुपये की लागत से, खूंटी में एक करोड़ 55 लाख 78 हजार 800 रुपये की लागत से, रांची में एक करोड़ 62 लाख 48 हजार रुपये की लागत से, गढ़वा में एक करोड़ 57 लाख 78 हजार रुपये की लागत से और लोहरदगा में एक करोड़ 44 लाख 6 हजार 900रुपये की लागत से इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब की स्थापना होगी।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को लीज आवंटन मामला : महाधिवक्ता ने कोर्ट को बताया

# सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह की दो जनहित याचिकाओं को किया है खारिज

● मामले में सुनवाई पूरी फैसला सुरक्षित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** खान विभाग में मंत्री रहते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा खुद एवं अपने रिश्तेदारों को माइनिंग लीज आवंटन करने से संबंधित आरटीआइ कार्यकर्ता एवं हाइकोर्ट के अधिवक्ता सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को हुई। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षतावाली खंडपीठ में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी। कोर्ट ने मामले में आदेश सुरक्षित रख लिया है।

कोर्ट ने प्रार्थी को निर्देश दिया है कि सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका पूर्व में दायर शिव शंकर शर्मा के केस से कैसे भिन्न है इस पर अपना कोई लिखित जवाब दाखिल करना चाहते हैं तो 3 दिन में दायर कर सकते हैं। इससे पहले सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने कोर्ट को बताया कि सीएम हेमंत सोरेन के माइनिंग लीज से संबंधित शिव शंकर शर्मा की दो जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। प्रार्थी ने इस केस में आरोप लगाया है वह प्रेयर और आरोप शिव शंकर शर्मा के केस में भी था। सुनील कुमार महतो की याचिका में कुछ नया नहीं है। सीएम और उनके रिश्तेदारों पर एक ही तरह के आरोप लगे हैं, जिसे सुप्रीम कोर्ट खारिज कर चुका है। ऐसे में सुनील कुमार महतो की जनहित याचिका को खारिज कर दिया जाना चाहिए। वहीं प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता राजीव कुमार एवं विशाल कुमार ने कोर्ट को बताया कि शिव शंकर शर्मा के मामले में केवल सीएम हेमंत सोरेन के माइंस लीज का मामला था, लेकिन इस मामले में सीएम के माइनिंग लीज के अलावा उनकी पत्नी और साली को इंडस्ट्रियल एरिया में जमीन देने का भी है।

### क्या कहा गया याचिका में



प्रार्थी की ओर से कोर्ट को पूर्व सुनवाई सुनवाई में बताया गया था कि सीएम हेमंत सोरेन ने खान विभाग के मंत्री पद पर रहते हुए संवैधानिक पद का दुरुपयोग किया है और स्वयं के लिए अनगड़ा में माइनिंग लीज आवंटित कर लिया है। इसके अलावा उन्होंने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन एवं साली सरला मुर्मू के फार्म को भी माइनिंग लीज आवंटित किया है। प्रार्थी ने यह भी कहा है कि इन सभी बिंदुओं को लेकर संबंधित प्राधिकार के पास सीएम, उनके रिश्तेदारों एवं सहयोगियों की जांच करके कार्रवाई करने का अनुरोध किया था। लेकिन किसी संबंधित प्राधिकार ने करवाई नहीं की। अंततः उन्होंने हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की है ताकि संबंधित प्राधिकार को जांच कर कार्रवाई करने का आदेश पारित किया जाये।

# डालटनगंज, दुमका, पाकुड़ से झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफार्म का चीफ जस्टिस ने किया ऑनलाइन उद्घाटन



**रांची।** राज्य के तीन जिलों पलामू (डाल्टनगंज) दुमका, पाकुड़ से झारखंड हाई कोर्ट में सुनवाई के लिए तीन वर्चुअल प्लेटफार्म का ऑनलाइन उद्घाटन बुधवार को किया गया। हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा ने इस वर्चुअल प्लेटफार्म का उद्घाटन किया।

मौके पर हाई कोर्ट के सभी जजगण, महाधिवक्ता राजीव रंजन सहित कई लोग उपस्थित थे। हाई कोर्ट की कंप्यूटर एवं डिजिटाइजेशन कमेटी द्वारा दूरस्थ स्थित उक्त तीनों जिलों से हाईकोर्ट में मामलों की सुनवाई के लिए संबंधित जिला न्यायालय में पहले से स्थापित की ई - सेवा केंद्र को वर्चुअल सुनवाई के लिए प्रयोग में लाए जाने का निर्णय लिया गया है। यद्यपि उक्त सेवा केंद्रों से नए मामलों की ई-फाइलिंग को शुरूआती कठिनाइयां जैसे स्टांप रिपोर्टिंग, त्रुटि निवारण इत्यादि के कारण अभी स्थगित रखा गया है। इस संबंध में सभी संबंधित पक्षों से समुचित विचार - विमर्श के बाद राज्य के सभी न्यायालयों से ई फाइलिंग प्रारंभ किए जाने के संबंध में उचित कदम उठाया जाएगा। इस आशय की जानकारी हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने दी।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।**

**शुद्धि -पत्र**

ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– EE/RDSD/LATEHAR/14/2023-24 जिसका PR NO- 311599 Rural Development (23-24)D में निम्न प्रकार आंशिक संशोधित किया जाता है:–

(1) क्रमांक–5. में अंकित ई–निविदा खोलने की अंतिम तिथि–14.12.2023 के स्थान पर 15.12.2023 पढ़ा जाय।

निविदा की अन्य शर्तें पूर्ववत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,
लातेहार।

PR 312211 (Rural Development) 23-24 (D)



**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**



नाम– अंकित अग्रवाल,
पहनावा–असमानी रंग का जैकेट पहने हुए है।

उपरोक्त लापता व्यक्ति जो ग्राम–कुचिण्डा, राज्य उडीसा से 10:00 बजे पूर्वाहन तिथि 28.11.23 से लापता है। इन्हे अंतिम समय दिनांक–28.11.2023 को संध्या नेशनल हाईवे रॉंची में White Activate OD15R4810 के साथ देखा गया हैं। इनकी खोजबीन की जा रही है। इनकी खोजबीन हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि उपरोक्त लापता व्यक्ति कहीं मिलता हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, मु0, द्वितीय ,रॉंची –9431706142
प्रभारी डी0सी0बी0 शाखा, रॉंची। –9835781285

वरीय पुलिस अधीक्षक,
रॉंची

PR 312286 Police(23-24)#D


### राज्य के सरायकेला खरसावां में बनाये जायेंगे 15 नए स्वास्थ्य केंद्र

8 करोड़ 32 लाख 50 हजार होंगे खर्च, विभाग ने दी प्रशासनिक स्वीकृति

**रांची।** राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने के लिए राज्य सरकार कृत संकलपित है। इस दिशा में राज्य सरकार नित नये काम कर रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सा व्यवस्था को बेहतर बनाए जाने पर जिला अस्पतालों का बोझ काम होगा। इसी को ध्यान में रखते हुए सरायकेला खरसावां जिले में 15 नए स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाए जा रहे हैं। प्रति स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण पर 55 लाख 50 हजार रुपए खर्च होंगे। इस हिसाब से कुल 8 करोड़ 32 लाख 50 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति स्वास्थ्य विभाग ने दी है।

**यहां बनेगा स्वास्थ्य उपकेंद्र**

गोबिंदपुर जुमाल, ईचागढ़ बामुंडीह, ईचागढ़ बड़ा आमदा, खरसांवा रायडीह, कुचाई अरूवा, नीमडीह चतारमा, चांडिल खूंटी(चांडिल), नीमडीह झिमरी, सरायकेला भालुकपहाड़ी, सरायकेला गोबिंदपुर, सरायकेला हटिया, सरायकेला जोरडीहा, सरायकेला सरायकेला, सरायकेला मानिकबाजार और नीमडीह रघुनाथपुर(नीमडीह) में प्रखंड स्वास्थ्य उपकेंद्र बनाये जायेंगे। इसके लिए सरकार ने स्वीकृति दे दी है।

### प्राइवेट सेक्टर की नौकरियों में 75 फीसदी आरक्षण चाहिये तो देना होगा स्थानीय प्रमाण पत्र

**रांची।** प्राइवेट क्षेत्र की नौकरियों में अगर आरक्षण का लाभ लेना है तो स्थानीय निवास पत्र देने होंगे। साथ ही रोजगार पोर्टल पर भी निबंधित होना जरूरी है। मालूम हो कि राज्य में निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों को नियोजन अधिनियम 2021 और नियमावली 2022 के आलोक में स्थानीय युवाओं को नौकरी दिये जाने का प्रावधान है। स्थानीय उम्मीदवारों को प्राइवेट क्षेत्र में 75 फीसदी आरक्षण का लाभ तय किये जाने के लिए स्थानीय प्रमाण पत्र भी अनिवार्य किया गया है। गुमला, खूंटी सहित अलग-अलग जिलों में इसके लिए सूचना जारी की जाने लगी है। जिला नियोजन पदाधिकारी के स्तर से सूचना जारी करते कहा गया है कि राज्य में निजी क्षेत्र में 75 फीसदी नौकरियों में आरक्षण का लाभ लेने को स्थानीय प्रमाण पत्र अनिवार्य है। रोजगार पोर्टल (रोजगार डॉट झारखंड डॉट गॉभ डॉट इन) में निबंधित होना तो जरूरी है ही, स्थानीय उम्मीदवारों की पहचान के लिए पोर्टल में स्थानीयता संबंधी प्रमाण पत्र अपलोड करना भी अनिवार्य हो गया है।

**बिना सर्टिफिकेट के नहीं मिलेगा आरक्षण का लाभ**

जिला नियोजन पदाधिकारी कार्यालयों के स्तर से कहा गया है कि झारखंड रोजगार पोर्टल, नियोजनालय में पूर्व से निबंधित झारखंड राज्य के स्थानीय उम्मीदवारों को स्थानीय प्रमाण पत्र की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी। निर्धारित पोर्टल पर लॉग इन कर स्वयं या नियोजन कार्यालय में उपस्थित होकर इसे अपलोड करवाना होगा। ऐसा नहीं किये जाने पर उन्हें झारखंड राज्य का स्थानीय उम्मीदवार नहीं माना जायेगा। निजी क्षेत्र में 75 फीसदी के आरक्षण के लाभ से वे वंचित हो जायेंगे।

# कांग्रेस : कई जिलों के प्रखंड अध्यक्ष बदले तीन नये प्रखंडों में भी प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति

● प्रदेश महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो ने दी जानकारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा संगठन सशक्तिकरण अभियान जारी है। जिलाध्यक्षों से कार्य प्रगति रिपोर्ट भी ली जा रही है। विगत 05 नवंबर 2023 को हुई संगठन सशक्तिकरण समीक्षा बैठक में संगठन सशक्तिकरण कार्य में शिथिलता पाये जाने के उपरांत प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों, जिला प्रभारी एवं जिलाध्यक्षों द्वारा जिला के कुछ प्रखंड अध्यक्षों को बदलने की बात रखी गई थी। इसके बाद संगठन निर्माण के कार्य को गति देने के लिए झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे के अनुमोदन के उपरांत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर द्वारा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के अनुशंसा पर पाकुड, खूंटी, प सिंहभूम, गिरिडीह, कोडरमा, देवघर, गढ़वा कुछ प्रखंड अध्यक्षों को बदलाव कर नये प्रखंड अध्यक्षों को जिम्मेवारी सौंपी गई है। वहीं, धनबाद जिला अंतर्गत नवसृजित तीन प्रखंडों में भी प्रखंड अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है।

**प्रखंड अध्यक्ष इस प्रकार हैं**



- पाकुड़ जिला के अमड़ापाड़ा प्रखंड में समवेल सोरेन
- खूंटी जिला के तोरपा अजय कुमार गुप्ता
- प सिंहभूम जिला के आनंदपुर प्रखंड-समीर टोपनो
- गिरिडीह जिला के पीरटांड प्रखंड-धनंजय कुमार गोस्वामी
- गिरिडीह मुफ्फसिल प्रखंड-मो निजामुद्दीन
- सरिया प्रखंड-अभिनंदन सिंह
- कोडरमा जिला के कोडरमा नगर प्रखंड-राजू सिंह
- कोडरमा प्रखंड-श्रवण सिंह
- देवघर जिला के सारवां प्रखंड-उपेन्द्र राय
- गढ़वा जिला के खरौंढी प्रखंड-नवल किशोर यादव
- मांझीआवं प्रखंड-शेख अमिरूउद्दीन सिद्दीकी
- डंडा प्रखंड-नन्दु चौधरी
- विशुनपूरा प्रखंड-शैलेन्द्र प्रतापदेव
- रमकण्डा प्रखंड-अजय मांझी (पासवान)
- धनबाद जिला के नवसृजित पूर्वी टूण्डी प्रखंड-योगेश रजक
- एग्यारकुण्ड प्रखंड-जियाउल हुसैन
- कलियासोल प्रखंड में रामकृपाल गोस्वामी

# कुर्सी की जंग में लगी लोक लुभावन वादों की युगलबंदी

राजनीतिक दलों में अभी से लोक लुभावन वादों की होड़

**उदय चौहान**

**रांची।** वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा व विधानसभा चुनावों को लेकर अभी से राज्य में वादों की तपिश शुरू हो गयी है। राजनीतिक दलों ने बीच लोक लुभावन वादों की होड़ लगी है। राजनीतिक दलों ने अभी से तैयारी करनी शुरू कर दी है। जनता से चुनावी वादे करने में पार्टियां कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। झामुमो ने तो योजनाओं की घोषणा करने के बाद उन पर अमल करना भी शुरू कर दिया है। विपक्षी भाजपा भी जनता को अपनी ओर आकर्षित करने की कोशिशों में जुटी है। कमोबेस कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों की भी सरगर्मी तेज है। दरअसल, झारखंड में अभी चुनावों में देरी है। बावजूद इसके यहां सत्तारूढ़ क्षेत्रीय दल झामुमो और विपक्षी दल भाजपा के बीच अभी से ही लोगों को आकर्षित करने के लिए वादों की होड़ लगी है।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल्याण विभाग के छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों के लिए मुफ्त भोजन के अलावा आठ लाख बेघरों को पक्का आवास देने समेत कई घोषणाओं करने के बाद उस पर अमल भी शुरू कर दिया है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर लगातार जिलों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान वे राज्य सरकार की उपलब्धियां गिना रहे हैं। मुख्य विपक्षी दल भाजपा पर निशाना साध रहे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक कल्याण छात्रावास बनने के बाद कोई देखने वाला नहीं था। राज्य सरकार ने गरीबों के लिए अबुआ आवास योजना की शुरूआत की है। गरीबों को अनाज देने में भी कोताही हुई। राज्य सरकार ने 20 लाख लोगों का राशनकार्ड बनाकर राशन उपलब्ध कराया।

### झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष की बैठक

**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में डीजीपी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता बुधवार को झारखंड पुलिस सहायता एवं कल्याण कोष की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में पुलिस अधिकारी व मेंस एसोसिएशन के पदाधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में राज्यभर से जितने भी आवेदन पुलिस सहायता कल्याण कोष में आए हैं। उस पर पुलिसकर्मियों की बीमारी और उस पर हुए खर्च के आधार पर पुलिसकर्मियों को सहायता राशि मिलेगी।


**कार्यालय जिला परिषद, कोडरमा**

**Expression of Interest (EoI)**
**(Third Call)**

15वें वित्त आयोग (अनाबद्ध मद) से कोडरमा जिलान्तर्गत लखीबागी स्थित कर्दम ऋशि पार्क में BEAUTIFICATION AND UP-GRADATION IN SERVICES OF KARDAM RISHI PARK IN KODERMA का कार्य किया जाना है। उक्त के आलोक में विभिन्न शर्तो के साथ मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है।

इच्छुक कम्पनी / फर्म दिनांक 08.12.2023 के अपराह्न 12:00 बजे तक संलग्न शर्तों के अनुरुप मुहरबंद इच्छा की अभिव्यक्ति (Expression of Interest) जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा में जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के बाद दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्राप्त EoI को दिनांक 08.12.2023 के अपराह्न 04:00 बजे इस हेतु गठित समिति के समक्ष खोला जायेगा।

EoI की शर्तें, कार्य की विवरणी / उपकरणों एवं उसका Specification इत्यादि की विवरणी कोडरमा जिला के वेबसाईट http://koderma.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला परिषद कार्यालय, कोडरमा से प्राप्त किया जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद् कोडरमा

PR 312219 Panchayati Raj (23-24)_D



**GOVT. OF JHARKHAND**
**DRINKING WATER & SANITATION MECH. DIVISION, RANCHI**

*e-Procurement*
**INVITATION FOR BIDS (IFB)**
**Very Short e-quotation No:- DWSMD/RANCHI-13/2023-24**

| Sl. No. | Name of Schemes | Estimated Cost ( Rs) | Earnest Money (Rs) | Cost of Tender Paper (Rs) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | E-quotation for seeking firm rates for non-schedule items for preparing estimates. | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 7 days |

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date of publishing on website | 01/12/2023 at 10.30 AM |
| 2 | Last date & time for online receipt of bid | 08/12/2023 at 04.00 PM |
| 3 | Date of online opening | 09/12/2023 at 04.00 PM |
| 4 | Place for online opening of bids | Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle, Ranchi |
| 5 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, D.W. and S. Mech. Division, Ranchi. Zila School Campus Water Tower, near Jain Mandir, Upper Bazar, Ranchi – 834001 |
| 6 | Contact no of Procurement office | 0651-3577997, 9431161242 e-mail :- dwsdmechranchi@gmail.com |

नोट – 1. केवल ई–कोटेशन ही स्वीकार किये जायेंगे ।
2. ऐसे निर्माता / निर्माता के अधिकृत विक्रेता जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है, वे भी निविदा में भाग ले सकते है ।
3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्तें की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है । निविदा की जानकारी के लिए वेबसाईट http://jharkhandtender.gov.in पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमण्डल,रॉंची

PR312266 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D


# झारखंड में कोर्ट फीस झारखंड संशोधन अधिनियम 2022 को लागू

## कोर्ट फीस में बदलाव, वकालतनामा, शपथ पत्र सहित नये सिरे से तय किया गया सभी प्रकार के फीस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने कोर्ट फीस झारखंड संशोधन अधिनियम 2022 को लागू कर दिया है। इस संबंध में विधि विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। जारी अधिसूचना के अनुसार वकालतनामा और शपथ पत्र सहित अन्य सभी तरह के शुल्कों में बदलाव किये गये हैं।




### बदलाव के बाद कुछ इस तरह होगी फीस

**विवरण :** जब विवादग्रस्त विषयवस्तु का रकम या मूल्य, 30 हजार रुपये तक हो तब उचित कोर्ट फीस मूल्य का 15 प्रतिशत होगा। वहीं, 30 हजार रुपये से अधिक किन्तु 50 हजार रुपये अधिक नहीं हो तब उचित मूल्य 4500 रुपये और 30 हजार रुपये से अधिक मूल्य का 10 प्रतिशत, 50 हजार रुपये से अधिक किन्तु 20 लाख से अधिक नहीं हो तब 6500 रुपये और 50 हजार रुपये अधिक मूल्य का 3 प्रतिशत होगा। 20 लाख रुपये से अधिक किन्तु 1 करोड़ रुपये से अधिक नहीं हो, तब 65,500 रुपये, और 20 लाख रुपये से अधिक मूल्य का 0.5 प्रतिशत और एक करोड़ रुपये से अधिक हो तब 1,05,000 तक और एक करोड़ रुपये से अधिक का 0.3 प्रतिशत अधिकतम तीन लाख रुपये लगेंगे।

विषयः अनुतोष अधिनियम 1963, की धारा 6 के अधीन कब्जा के लिए किसी वाद में वाद पत्र।

**उचित मूल्य :** मद संख्या-1 के अंतर्गत निर्धारित दर के अनुसार, बिल का प्रोबेट या प्रशासन पत्र, विल उपाबद्ध करने के साथ या उसके बिना. उचित मूल्य- मूल्य का 10 प्रतिशत, न्यूनतम 500 रुपये, उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र अधिनियम 1889 के अधीन प्रमाण पत्र. उचित मूल्यः मद संख्या-3 के अनुसार प्रमाण पत्र में वर्णित मूल्य के अनुसार।

**आवेदन या अर्जी पर :** विवरणः जब राज्य, केंद्र सरकार, स्थानीय निकास अथवा राजस्व पदाधिकारी या उच्च न्यायालय से भिन्न दीवानी या फौजदारी न्यायालय में प्रस्तुत हो तथा जिसके संबंध में अन्यत्र उपबंधित न होः उचित मूल्य, 20 रुपये होगा।

**जब उच्च न्यायालय में प्रस्तुत हो :** संविधान के अनुच्छेद 226, 227 के अंतर्गत, सामान्य आवेदन दायर करने के लिए, अन्य ओवदनों पर, उचित मूल्य 500 रुपये, 250 रुपये होगा। सिविल प्रक्रिया संहिता की धारा-115 अंतर्गत सिविल संशोधन या दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 397 सह गठित धारा 399 , 400 अंतर्गत अपराधिक पुनरीक्षण में उचित मूल्य, 250 रुपये होगा।

**दूसरे न्यायालय से अभिलेखों को मंगाने के लिए आवेदन :** उचित मूल्य 50 रुपये।

- अकिंचन के रूप में वाद चलाने या अकिंचन के रूप में अपील करने की इजाजत के लिए आवेदनः 20 रुपये।
- अधिभोग के अधिकार को स्थापित या साबित करने के लिए वाद पत्र या अपील का ज्ञापनः उचित मूल्य 100 रुपये।
- दंड प्रक्रिया संहिता 1973 अथवा सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 की किसी धारा के अधीन न्यायालय या मजिस्ट्रेट द्वारा दिया गया किसी आदेश के अनुपालन में दिया गया जमानत पत्र या अन्य बाह्य लिखित और जो इस अधिनियम द्वारा अन्यथा उपबंधित नहीं है, उसमें 20 रुपये मूल्य लगेगा।
- भारतीय विवाह विच्छेद अधिनियम 1869 की धारा के अधीन वचदनबद्ध में, उचित मूल्य 100 रुपये।
- शपथ पत्रः उच्च न्यायालय से भिन्न सभी न्यायालय में 20 रुपये, हाइकोर्ट में 30 रुपये।
- वकालतनामाः दूसरे न्यायालय में 30, हाइकोर्ट में 50 रुपये।
- किसी निर्णय, डिक्री, आदेश कार्यवाही या कार्यवाही के साथ संलग्न दस्तावेज की प्रतिद आदि में 10 रुपये प्रति पृष्ठ।
- निर्णय पर पुनर्विलोकन के लिए आवेदन शुल्क 500 रुपये।
- सिविल प्रक्रिया संहित 1908 के अधीन कोर्ट की राय के लिए प्रश्न का उल्लेख करते हुए लिखित करारा- 200 रुपये शुल्क।
- अपील का ज्ञापन जब अपील किसी डिक्री या किसी डिक्री का बल प्राप्त के विरुद्ध न हो, हाइकोर्ट के अलावा दूसरे कोर्ट में 50 रुपये, हाकोर्ट में 100 रुपये। सिविल न्यायालय का संक्षिप्त निर्णय या आदेश जो नेटर्स पेंटेंट या किसी भी राजस्व कोर्ट द्वारा स्थापित न हो को परिवर्तित या अपास्त करने के लिए 500 रुपये, राजस्व संपदाओं के स्वत्वधारियों के नामों के रजिस्टर में किसी प्रवृष्टि को परिवर्तित करने या रद करने के लिए, 1000 रुपये शुल्क।
- परिमानिक अनुतोष प्रार्थित नहीं हो, वहां घोषात्मक डिक्री प्राप्त करने के लिए 1000 रुपये, किसी पंचाट को अपस्त करने के लि 1000 रुपये, किसी दत्तक ग्रहण को अपस्त करने के लिए 1000 रुपये, जहां विवादग्रस्त विषयवस्तु का धन-मूल्य प्राक्कलित करना संभव नहीं हो और इस अधिनियम द्वारा अन्यथा उपबंधित नहीं हो, वहां प्रत्येक अन्य वाद के लिए शुल्क 1000 रुपये।
- भारतीय विवाह विच्छेद अधिनियम 1809 की धारा 44 के अधीन अर्जिशें को छोड़कर इसी एक्ट के अधीन प्रत्येक अर्जी तथा इसी एक्ट की धारा 55 क अधीन अपील का प्रत्येक ज्ञापन के लिए शुल्क 500 रुपये। पारसी विवाह और विवाह विच्छेद अधिनियम 1865 के अधीन वाद पत्र या अपील का ज्ञापन के लिए उचित मूल्य 500 रुपये तक किया गया है।

# जज्बा से बची जिंदगी

सारा देश उन श्रमिकों के सुरक्षित बाहर आने के लिये प्रार्थना कर रहा था, जो 12 नवंबर को ऑलवेदर रोड के लिये बनायी जा रही सिलक्यारा सुरंग धंसने से उसके अंदर फंस गये थे। शायद भारत के इतिहास में पहला मौका होगा कि आम श्रमिकों को बचाने के लिये इतने बड़े पैमाने पर बचाव-राहत का अभियान चलाया गया। कदम-कदम पर बाधाएं आई। लेकिन केंद्र व उत्तराखंड सरकार की सजगता-सक्रियता आखिर रंग लायी और हादसे के सत्रहवें दिन 400 घंटे तक गुफा में फंसने के बाद सारे श्रमिक सकुशल बाहर निकले। इस बात की मुक्तकंठ से प्रशंसा करनी होगी कि कई केंद्रीय मंत्रालयों, बचाव कार्य में लगी राहत एजेंसियों, सेना, वायु सेना, बीआरओ तथा अंतर्राष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञों ने एकजुट होकर इस अभियान में भाग लिया। भारत ने दुनिया को संदेश दिया कि उसके लिये हर नागरिक की जिंदगी कीमती है, अब चाहे वह एक आम श्रमिक क्यों न हों। श्रमिकों के मनोबल की प्रशंसा करनी होगी, जिन्होंने सत्रह दिन तक भयावह परिस्थितियों में धैर्य नहीं खोया। इतने लंबे चले बचाव अभियान के दौरान कई लोग गहरे अवसाद में आ सकते थे। लेकिन फंसे श्रमिकों तक समय पर हवा, पानी, बिजली व भोजन भेजने की व्यवस्था ने उनका मनोबल बढ़ाया कि राष्ट्र उनके लिये फिक्रमंद है और उन्हें बचाने के गंभीर प्रयास निरंतर जारी हैं। बहरहाल, सिलक्यारा सुरंग धंसने और उसके बाद चले बचाव अभियान में आई बाधाओं ने हमें तमाम सबक दिये हैं। यह भी कि ऐसी सुरंग बनाने से पहले भूस्खलन की आशंका और पहाड़ की क्षमता का वैज्ञानिक आधार पर मूल्यांकन किया जाना चाहिए। साथ ही ऐसी सुरंगों के भीतर उनके धंसने की स्थिति में राहत-बचाव कार्य की वैकल्पिक व्यवस्था होनी चाहिए। टनलों की सुरक्षा पर सक्रियता और पर्यावरणीय कोण की दृष्टि आवश्यक है।

# हर्बल पर बहस

प्राल ही में एलोपैथिक चिकित्सकों के एक राष्ट्रीय संगठन ने शीर्ष अदालत में याचिका दायर करके देश के एक बहुचर्चित योगी के आयुर्वेदिक उपचार के दावों की सार्थकता पर सवाल उठाये थे। इस बात को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आयुर्वेद कंपनी के कर्ताधताओं को आड़े हाथ लिया। कोर्ट ने भ्रामक दावों और उससे जुड़े विज्ञापनों के खतरों की याद दिलायी। दरअसल, हर्बल उत्पादों के जरिये होने वाले उपचार के परिणामों की तुलना आधुनिक चिकित्सा प्रणाली की खामियों के साथ करने पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन को आपत्ति थी। यही वजह है कि कोर्ट का कहना पड़ा है कि हर्बल उत्पादों का कारोबार करने वाली कंपनी के कर्ताधताओं को चिकित्सा की आधुनिक प्रणाली के बारे में अनावश्यक बयान देने से बचना चाहिए। इतना ही नहीं, कोर्ट ने चेताया कि यदि किसी बीमारी विशेष को ठीक करने वाली दवाओं के बारे में गलत ढंग से दावा किया गया तो एक करोड़ का जुमार्ना लगाया जा सकता है। दरअसल, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन यानी आईएमए ने एक याचिका में आरोप लगाया है कि विज्ञापनों में एलोपैथी को अपमानित किया गया। इसके साथ ही असत्यापित दावों के जरिये डॉक्टरों की छवि को खराब करने का प्रयास किया गया है। जिससे आधुनिक चिकित्सा प्रणाली से जुड़े लोग खुद को आहत महसूस कर रहे हैं। दरअसल, राजग सरकार के दौरान राजाश्रय में देश में योग व आयुर्वेद का व्यापक प्रचार-प्रसार हुआ है। साथ ही भारतीय परंपरागत पूरक चिकित्सा पद्धतियों को प्रोत्साहन देने का प्रयास किया गया है। भारत ही नहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर पूरक चिकित्सा पद्धतियों में समन्वय की कोशिश की गई है। इसमें दो राय नहीं कि लगातार महंगी होती एलोपैथी चिकित्सा पद्धति के भी अपने किंतु-परंतु हैं।

# शैक्षणिक विकास से ही विश्व गुरु बनेगा देश



राजस्थान में बीकानेर के दूरदराज के गांवों के स्कूलों में अक्सर एक ही कमरे में एक साथ दो कक्षाएं चलती हैं- इसमें बच्चे कतारों में बैठे होते हैं, और एक समूह एक तरफ ब्लैकबोर्ड की तरफ देख रहा होता है और दूसरा समूह दूसरी तरफ ब्लैकबोर्ड को देख रहा होता है। कभी-कभी दोनों पाठ आपस में गड्डमड्ड हो जाते हैं, जिससे किसी भी छात्र के लिए इतिहास के पाठ के बीच अंकगणित को समझना मुश्किल हो सकता है। कोई छात्र बीच में कक्षा से खिसक जाए, तो शिक्षक को शायद पता भी न चले।

ग्रामीण भारत की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आकांक्षा वास्तव में कभी फलीभूत नहीं हुई। ऐसे में ऊंचे लक्ष्य तय करना जरूरी है। यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन (यूडीआईएसई) रिपोर्ट के अनुसार, केंद्र सरकार ने 2014 में प्रति छात्र सालाना 12,500 रुपये खर्च किए, जो कि जीडीपी का करीब तीन-चार फीसदी है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 चाहती है कि केंद्र और राज्य सरकारें अपना खर्च बढ़ाकर जीडीपी के करीब छह फीसद तक लाएं। 1960 के दशक से यह वांक्षित लक्ष्य रहा है, लेकिन अब जाकर सरकार ने इसे वास्तविक लक्ष्य बनाया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में वर्ष 2035 तक उच्च शिक्षा में कुल पंजीकरण का अनुपात 50 फीसदी बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है।

इधर, शिक्षा के क्षेत्र में दूसरी समस्याएं भी हैं। संगीता कश्यप मध्य प्रदेश की 46 वर्षीय स्कूल शिक्षिका हैं, जो इंदौर और आसपास के इलाके के मशहूर सरकारी अहिल्या आश्रम स्कूल में पढ़ाती हैं। पीटीआई की अगस्त, 2014 की खबर के अनुसार, अपने 24 साल लंबे करियर में पिछले 23 वर्षों से वह ड्यूटी से अनुपस्थित हैं। हमारी शिक्षा प्रणाली की ऐसी दुसाध्य बीमारियों को भी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति दुरुस्त करना चाहती है।

ग्रामीण भारत में आमतौर पर शिक्षक किसी विषय के विशेषज्ञ नहीं होते हैं, उनके पास अक्सर सिर्फ स्नातक की डिग्री होती है, और कुछ के पास थोड़ा-बहुत शिक्षण-प्रशिक्षण का अनुभव भी। छात्र-शिक्षक संबंधों में जवाबदेही तय करनी होगी। हमें शिक्षकों को आधुनिक शिक्षण विधा में प्रशिक्षित करने की जरूरत है, जिससे उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा परिणाम देने के काबिल बनाया जा सके, जबकि मौजूदा शिक्षकों को अपने कौशल को उन्नत बनाने का मौका दिया जाना चाहिए। उनके काम की निगरानी के लिए एक मूल्यांकन प्रणाली बनानी होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षकों के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं- इसमें प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों में बदलाव पर ध्यान दिए जाने के साथ ढेरों संस्थागत सुधार शामिल हैं। नई शिक्षा नीति में अध्यापन के लिए जरूरी न्यूनतम डिग्री बी.एड. है। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) को अब विद्यालय पाठ्यक्रम को ध्यान में रखते हुए चार हिस्सों में बांट दिया गया है। जो शिक्षक जिन विषयों में पढ़ाना चाहते हैं, उन्हें टीईटी या एनटीए में उन विशिष्ट विषयों में अंकों के आधार पर काम पर रखा जाएगा। इसके साथ ही टीईटी पास करने वालों का साक्षात्कार में स्थानीय भाषा का ज्ञान भी परखा जाएगा। शिक्षकों से अब हर साल करीब 50 घंटे के नियमित प्रोफेशनल डेवलपमेंट कोर्स में शामिल होने की अपेक्षा होगी। इसके अलावा एनसीटीई द्वारा शिक्षकों के लिए गाइडलाइंस के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक मानक बनाए जाएंगे। और अंत में कार्यकाल, पदोन्नति तथा वेतन संरचना के लिए एक योग्यता-आधारित ढांचा विकसित किया जाएगा।


राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने विज्ञान व कला और शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण के बीच कठोर बंटवारे को खत्म कर दिया है। विद्यार्थी अब दोनों तरह के पाठ्यक्रमों में से चुनाव कर सकते हैं- यह हमारे नागरिकों को हर तरह की जरूरत के लिए तैयार करने में मददगार होगा। कला संकाय (मानविकी) को लेकर हमारी लंबी उपेक्षा आखिरकार सुधर जाएगी। नई शिक्षा नीति में स्थानीय भाषाओं पर भी ध्यान दिया गया है। हमारे देश के संघीय ढांचे को ध्यान में रखते हुए स्कूल बोर्डों को तीन भाषाओं (राज्य और क्षेत्र के हिसाब से) के विकल्प का अधिकार दिया जाएगा, जबकि संस्कृत विश्वविद्यालयों को बहु-विषयक संस्थानों में बदल दिया जाएगा। स्थानीय भाषाओं को बढ़ावा देने वाले संस्थानों की स्थापना में निजी क्षेत्र को बढ़ावा देना भी स्वागतयोग्य कदम है।

विश्वविद्यालयी-व्यावसायिक शिक्षा भी सुधार मांग रही है। हमारे प्रमुख विश्वविद्यालय पिछड़ते जा रहे हैं-कलकत्ता विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने कभी नोबेल पुरस्कार विजेता और प्रधानमंत्री दिए हैं। अब वे विश्व रैंकिंग में 400 से नीचे हैं।

विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) जो कई सौ विश्वविद्यालयों और हजारों कॉलेजों की देखरेख करता है, अब भी खुलेपन और रचनात्मकता का गला घोंट रहा है। हमें पूरे विश्वविद्यालय ढांचे का पुनर्गठन करने की जरूरत है। नई शिक्षा नीति में अब यूजीसी की जगह पर राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामक परिषद का गठन किया जा रहा है। उच्च शिक्षा संस्थानों को अब कई तरह के पाठ्यक्रम चलाने की जरूरत है। साथ ही ऐसे संस्थान हर जिले में खोलने की जरूरत है। ग्रामीण इलाकों या गांवों में सार्वजनिक सुविधाएं क्षेत्र में विकास की स्थिति का आईना दिखाती हैं।

स्थानीय सरकारी स्कूल अक्सर आयताकार कमरों की एक इमारत होती है, जो किताबों और जरूरी शिक्षण उपकरणों की गैरमौजूदगी में कुछ खस्ताहाल कुर्सियों, बेंचों और ब्लैकबोर्डों से भरी होती है। भारत अब बदल चुका है और बेहतर शिक्षा की मांग कर रहा है।



-वरुण गांधी

> विश्वविद्यालय तेजी से उच्च शिक्षा के नगरपालिका स्कूलों में परिवर्तित हो रहे हैं, दूसरी तरफ अधिकांश निजी संस्थान में दाखिला और डिग्री हासिल करने के लिए भारी कैपिटेशन फीस लगती है। विचार, रचनात्मकता, अनुसंधान और नवाचार को हतोत्साहित करते हुए यह व्यवस्था बौद्धिक कायरता को बढ़ावा देती है। राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (आरयूएसए) योजना, 2013 विकेंद्रीकरण की ओर उन्मुख है, लेकिन यह ठीक से लागू नहीं हो सकी।

## खास बात

### प्रतिबंध के मायने

**मृत्युंजय दीक्षित**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सनातन हिंदू समाज की आस्था की रक्षा करने के लिए एक ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रदेश में हलाल प्रमाणित उत्पादों की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद से ही प्रदेश की खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमें व एटीएस ने छापे शुरू कर दिए हैं। इससे अवैध रूप से हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा करने वाले गिरोहों व संगठनों में खलबली मच गई है। मोटे अनुमान के अनुसार अवैध रूप से चल रहा हलाल प्रमाणन का गोरखधंधा लगभग 3000 करोड़ रुपये से अधिक का है और इस धन का दुरुपयोग राष्ट्रविरोधी गतिविधियों व आतंकवादी संगठनों की मदद करने के लिए किया जा रहा है। हलाल प्रमाणन का धंधा केवल उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु संपूर्ण भारत में चल रहा है और इस धंधे का भारत में आगमन 1974 में एक घृणित साजिश के तहत हुआ। हलाल प्रमाणन की प्रक्रिया एक देश दो विधानवाली तथा संवैधानिक मूल्यों के खिलाफ है।

उत्तर प्रदेश सरकार ने हलाल प्रमाणन के इस अवैध धंधे को पूरी तरह से रोकने के लिए लखनऊ की हजरतगंज कोतवाली में शैलेंद्र कुमार शर्मा की शिकायत पर विभिन्न संगठनों पर एक एफआईआर दर्ज करवाई है, जिनमें हलाल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड चेन्नई, जमीयत उलेमा हिंद हलाल ट्रस्ट दिल्ली व लखनऊ, हलाल काउंसिल ऑफ इंडिया मुंबई और कुछ अन्य कंपनियां शामिल हैं।

भारत से बड़ी मात्रा में खाद्य उत्पादों का निर्यात सिंगापुर, मलेशिया, सऊदी अरब, कतर आदि खाड़ी देशों और कई अंतरराष्ट्रीय बाजारों में होता है जहां बड़ी संख्या में इस्लामिक आबादी है। ऐसे में देश की अधिकांश कंपनियां अपने उत्पादों के लिए हलाल सार्टिफिकेशन करवाती हैं। दुर्भाग्यवश भारत में हलाल प्रमाणन के लिए कोई सरकारी कंपनी नहीं है, जिसके कारण यह ठग कंपनियां अनुचित व अवैध धंधा करने में कामयाब हो रही हैं। ये अकूत धन कमा रही हैं और उसे देश के विरुद्ध इस्तेमाल कर रही हैं। इन कंपनियों के सम्बन्ध अलग अलग आतंकवादी संगठनों से होने की आशंका है।

# शूर्पणखा का विलाप

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

शूर्पनखा ने रावण को डांटकर बोली तुम रात दिन मदिरा पान करों और निद्रा में रहो। इस प्रकार पूर्वजों के इस राज का नाश हो जाएगा। सिर पर विपति आ गयी है और तुमको पता भी नहीं है। रावण ने कहा बहना क्या हो गया ? यह किसने किया? शूर्पनखा ने अपने नाक-कान दिखाते हुए कहा कि राम और लक्ष्मण नाम के दो युवक हैं। अयोध्या के राजा के लड़के हैं उनके साथ सीता नाम की स्त्री है। मैं उनका पता लगाने गयी तो मेरा नाक-कान काट दिया। रावण ने कहा तुम खर-दूषण के पास क्यों नहीं गयी। यही बताने आई हूं कि मैं खर-दूषण के पास गयी और वे दस हजार सेना सहित उनसे युद्ध करने गये और सभी मारे गये।

**प्रसंग का अध्यात्म**

घटनाएं जो धटती है प्रारव्धवश नियोजित होती है अथवा क्रियमाण के कर्म का फल होता है। लेकिन उसमें व्यक्ति की जो भावना होती है यही ईश्वर की ओर उन्मुख होती है या ईश्वर से विमुख करती है। जितनी घटनाएं घटी सब पूर्व नियोजित थी। लेकिन श्रीराम की भावना भक्ति की ओर उन्मुख थी। कारण है कि उनके भीतर हमेशा यही भाव है कि मेरे द्धारा वही हो जो गुरु महाराज चाहते हैं। वसिष्ठ जी ने जब कह दिया चित्रकूट के बाद जिन-जिन रास्ते पर वे चलने के लिये कहे जिन लोगों से मिलने की बात की वैसे ही वे चलते चले गये और इस बात का ख्याल रखें कि मैं जो भी करूं वो उनके अनुरूप करूं। अगर अगस्त्य जी ने बताया तो उसे भी माना।

(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

**काफी** अकेला हूं !
या
अकेला काफी हूं...!
नजरिया बदलिये और चमत्कार देखिए
.... :
**- अनुपम खेर अभिनेता**

## रोचक ट्वीट

**आदरणीय** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने हमें उन विभूतियों के सपनों को याद करने का संदेश दिया है,जो देश की आजादी के लिए जिये या शहीद हुए, जिन्होंने हमें संविधान दिया।
**-अन्नपूर्णा देवी, सांसद**





**फाइलों** पर जलेबियां बनाने की परिपाटी का अंत इसी आधुनिक तकनीक के जरिये संभव होगा, पारदर्शी और जिम्मेवार शासन लोगों को इसी व्यवस्था से सुलभ होगा, डिजिटल गैप खत्म करें।
**-महेश पोद्दार सांसद**

# पीएम पर अमर्यादित शब्दों का प्रयोग करने वाले राजनेताओं ने अपनी साख गंवायी

## सामयिक

**ललित गर्ग**

राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ पनौती जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गयी पनौती (अपशकुन), जेबकतरा एवं कर्ज माफी जैसी अशोभनीय टिप्पणियों के कारण निशाने पर हैं। चुनाव आयोग (ईसी) ने हालिया टिप्पणियों के लिए राहुल गांधी को कारण बताओ नोटिस जारी करके निर्णायक कार्रवाई की है। यह कार्रवाई सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनाव आयोग में दर्ज की गई एक शिकायत का संज्ञान लेते हुए की गयी है। चुनाव आयोग ने जहां पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा इस्तेमाल की गई भाषा पर चिंता व्यक्त की वही भाजपा ने तर्क दिया कि ऐसी भाषा एक वरिष्ठ राजनीतिक नेता के लिए ह्यअशोभनीयह्न है। पिछले लम्बे दौर से विश्वनेता के रूप में प्रतिष्ठित देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दर्शन, उनके व्यक्तित्व, उनकी बढ़ती ख्याति, उनकी बहुआयामी योजनाओं व उनकी कार्य-पद्धतियों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। पांच राज्यों में हो रहे विधानसभा चुनाव के प्रचार अभियान में विपक्षी नेताओं और विशेषतः कांग्रेस नेताओं ने अमर्यादित, अशिष्ट, छिछालेदार भाषा का उपयोग कर राजनीतिक मयार्दाओं को तार-तार कर दिया है। विडम्बना देखिये कि मोदी को गालियां देकर स्वयं को गौरवान्वित महसूस करने वाले राहुल गांधी इसका खामियाजा भी भुगतते रहे हैं, लेकिन राजनीतिक अपरिवक्वता के कारण वे कोई सबक लेने का तैयार नहीं है।

राहुल गांधी ने राजस्थान में हाल की रैलियों में प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनके लिए पनौती, जेबकतरे और अन्य विवादित शब्दों का इस्तेमाल किया था। राहुल गांधी के ये अशोभनीय एवं मयार्दाहीन बयान क्या रंग लायेगा, यह भविष्य के गर्भ में हैं, लेकिन स्वस्थ एवं आदर्श लोकतंत्र के लिये देश के प्रधानमंत्री के लिये इस तरह के निम्न, स्तरहीन एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग होना, एक विडम्बना है, एक त्रासदी है, एक शर्मनाक स्थिति है। केवल कांग्रेस ही नहीं, अन्य राजनीतिक दल के नेता भी ऐसी अपरिपक्वता एवं अशालीनता का परिचय देते रहे हैं। पिछले नौ वर्षों में उद्योगपतियों को चौदह लाख करोड़ रुपये की छूट देने के आरोप भी सत्यता से परे, तथ्यहीन, भ्रामक एवं गुमराह करने वाले हैं। जेबकतरे शब्द का प्रयोग करते हुए आरोप लगाया गया कि प्रधानमंत्री लोगों का ध्यान भटकाते हैं। जबकि उद्योगपति गौतम अडानी उनकी (लोगों की) जेब से पैसे निकालते हैं। उन्होंने आरोप लगाया था कि जेबकतरे इसी तरह काम करते हैं। आयोग ने राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी के बारे में भी बताया जिसमें कहा गया था कि अगर संविधान के अनुच्छेद 19 (1) (ए) में बोलने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा की जाती है तो प्रतिष्ठा के अधिकार को भी अनुच्छेद 21 में संरक्षित जीवन के अधिकार का एक अभिन्न हिस्सा माना जाता है। इन दो अधिकारों को संतुलित करना एक संवैधानिक आवश्यकता है। लेकिन राहुल गांधी को यह संतुलन साधना कहा आता है?राहुल गांधी ने अहमदाबाद में विश्व कप क्रिकेट के फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया से भारत की हार के बाद राजस्थान में चुनावी भाषण में मोदी के खिलाफ पनौती जैसे आपत्तिजनक, विवादित एवं अपशब्द का इस्तेमाल किया था। यह एक शब्दभर नहीं है, बल्कि अनेक कुटिलताओं की अभिव्यक्ति है, पनौती मोटे तौर पर ऐसे शख्स के लिये उपयोग होता है।

## कॉर्टून वर्ल्ड




साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### आतिशबाजी क्यों?

**दिवाली**, होली, दशहरा, राखी, गणपति उत्सव आदि ये सभी हमें अंदर से आत्मा को छूते हैं। हमारे रोम-रोम में बसकर भाव-विभोर करते हैं। इस पर यदि कुछ शोर आतिशबाजी का हो जाता है तो ये उत्सव में चार चांद लगा देते हैं। जैसे संगीत आत्मा को मन को शांति प्रदान करता है, ठीक वैसे ही आतिशबाजी यदि ग्रीन पटाखों की हो तो सोने में सुहागा सिद्ध होती है।

**-भगवानदास, जमशेदपुर**

### मंदिर पर गतिरोध

**आजाद** भारत के इतिहास में इस मंदिर की वजह से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के बीच गतिरोध भी हुआ था। एक लंबी कहानी है सोमनाथ मंदिर की। इन कहानियों को सुनने के बाद आपको लिए सोमनाथ मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं रहेगा। जिजिविषा का, संघर्ष का और साथ ही इस संदेश का भी कि पुनर्निर्माण की ताकत हमेशा तबाही की ताकत से बड़ी होती। **- सुनीता उरांव, सिमडेगा**

# युवाओं में वैवाहिक समझ की कमी से समस्या

## समाज

**मोनिका शर्मा**

गुवाहाटी हाई कोर्ट ने पत्नी के सिंदूर लगाने और चूड़ी पहनने से इनकार करने पर एक व्यक्ति को पत्नी से तलाक लेने की अनुमति दी। अदालत ने कहा कि महिला रीति-रिवाजों को नहीं मान रही, इसातलब है कि वह शादी को स्वीकार नहीं कर रही है। पत्नी का भी यही कहना था कि वह उस आदमी को अपना पति नहीं मानती। फिर भी तलाक के लिए दोनों के बीच लंबा मुकदमा चला, बल्कि हाई कोर्ट से पहले फैमिली कोर्ट ने तलाक का फैसला देने से भी मना कर दिया था। इस मामले में मुकदमा लड़ने वाले पति-पत्नी की शादी 2012 में हुई थी और अगले ही साल पत्नी ने शादी को मानने से इन्कार करते हुए पति का घर छोड़ दिया था। इसके बाद पति ने फैमिली कोर्ट में तलाक की एप्लीकेशन लगाई थी, जो वहां से खारिज हो गई थी। फिर मामला हाई कोर्ट पहुंचा, जहां पत्नी ने बयान दिया था, मैं अभी सिंदूर नहीं लगा रही हूं क्योंकि मैं इस आदमी को अपना पति नहीं मानती। हाई कोर्ट ने कहा कि फैमिली कोर्ट ने उचित परिप्रेक्ष्य में साक्ष्यों का मूल्यांकन नहीं किया है। साथ यह भी कहा कि प्रतिवादी यानी कि पत्नी का ऐसा रुख उसके स्पष्ट इरादे की ओर इशारा करता है कि वह पति के साथ अपने वैवाहिक जीवन को जारी रखने के लिए तैयार नहीं है। ऐसे में पति का पत्नी के साथ विवाह में बने रहना, अपीलकर्ता पति और उसके परिवार के सदस्यों का उत्पीड़न माना जाएगा।

...हाल के वर्षों में वैवाहिक संबंधों में पेचीदगियां बढ़ी हैं। ऐसे में यह सिंदूर और शांखा न अपनाने का मामला नहीं, बल्कि एक घिसटते रिश्ते पर विराम लगाकर जिंदगी में आगे बढ़ने की बात कहने वाला फैसला है। इस मुकदमे में पत्नी ने पति और उसके परिवार के खिलाफ तीन आपराधिक शिकायतें दर्ज की थीं, जिसमें घरेलू हिंसा और दहेज प्रताड़ना प्रमुख थी। पिछले महीने पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने दहेज प्रताड़ना के कानून पर कहा था कि इसका इस्तेमाल गलत तरीके से करना अब आम बात हो गई है।

हमारी अदालतें बार-बार ऐसे मामलों में दिशा-निर्देश देती रही हैं, इसके बावजूद तलाक के केसों में पेचीदगियां घटने का नाम नहीं ले रही हैं। बजाय इसके कि शांति से तलाक लेकर अपना जीवन नए सिरे से सुनियोजित किया जाए, तलाक चाहने वाले अधिकतर लोग इन्हीं झगड़ों में फंसे रहे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक 2012 में धारा 498ए (दहेज प्रताड़ना) के तहत करीब 2 लाख लोगों की गिरफ्तारी हुई, जो 2011 के मुकाबले 9.4 फीसद ज्यादा थी। गिरफ्तार हुए लोगों में लगभग एक चौथाई महिलाएं थीं। झूठे मामलों के कारण ही हमारे यहां इस धारा में चार्जशीट की दर 93.6 फीसद है, जबकि सजा की दर महज 15 फीसद।भारतीय समाज में पिछले कुछ वर्षों में दहेज के प्रति काफी चेतना आई है और प्रेम विवाहों की भी संख्या बढ़ी है, फिर भी भारत की परिवार अदालतों में मियां-बीवी सालों साल लड़ते रहते हैं। हर जिले में थाने से लेकर कोर्ट तक मियां-बीवी के बीच रास्ता निकालने के लिए परिवार परामर्श केंद्र हैं, फास्ट ट्रैक अदालतें हैं, लेकिन झगड़े हैं कि खत्म होने का नाम ही नहीं ले रहे। कभी घरेलू हिंसा का बहाना, कभी क्रूरता तो कभी दहेज उत्पीड़न का बहाना। इन्हीं सबके चलते जो वाकई प्रताड़ित हैं, उन्हें भी संदेह की नजर से देखा जाता है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज़

## डीसी ने सुनी जनता की समस्याएं



फोटो 01 लोगों की समस्याएं सुनते

**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों से समस्याओं को लेकर उनसे मिलने आए लोगों से मुलाकात की। इस दौरान लोगों ने भूमि, मुआवजा राशि, छात्रवृत्ति, रोजगार, विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के लाभ सहित अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया । जिसके उपरांत उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

## पठवा मंदिर का स्थापना दिवस मना



**रजरप्पा।** रजरप्पा आवासीय कॉलोनी स्थित श्री श्री पठवा हनुमान मंदिर का 38वां वार्षिक उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में अनुष्ठान भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह पूजा एवं रुद्राभिषेक कार्यक्रम प्रारंभ हुई। पूजा के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 24 घंटे अखंड हरि कीर्तन भी संपन्न हुआ। स्थापना दिवस को लेकर पूरे पठवा हनुमान मंदिर परिसर को पूरी तरह आकर्षक रंगो से रंगा गया था। इस आयोजन को सफल बनाने में पुजारी के अलावा पठवा हनुमान समिति के संरक्षक उमेश महतो, अध्यक्ष सह सेवई उत्तरी पंचायत मुखिया कुलदीप सिंह, अजय सिंह, विजय ठाकुर, संजीव घोष, अजय कुमार सिंह, रंजीत सिंह राठौर, ज्वाला सिंह, अशोक कुमार, नवीन कुमार, विजय कुमार, अमित कुमार, संदीप कुमार, सुनील कुमार, पाँथो नंदी, प्रकाश यादव, शुभम गुप्ता आदि मौजूद थे।

## 85 छात्रों ने सीखा कराटे का गुर

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा में बुधवार को विद्यार्थियों के लिए मार्शल आर्ट सितोरियू कराटे डो फेडरेशन ऑफ इंडिया झारखंड भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में एक दिवसीय कराटे प्रशिक्षण शिविर लगा। शिविर में करीब 85 छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान कराटे प्रशिक्षक सेंसाई कंचन दास के देखरेख में आस्था सिंह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डान द्वारा बच्चों को काता बेसिक और प्रीति द्वारा सेल्फ डिफेंस का गुर सिखाया गया। शिविर में सेंसाई कंचन दास विद्यार्थियों को कराटे का योगाभ्यास कराते हुए इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कंचन दास ने बताया कि स्कूल में प्रधानाध्यापक डमरू महतो आदेशानुसार बच्चों को कराटे प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने कहा कि कराटे से शारीरिक व मानसिक विकास तो होता ही है यह हमें अनुशासन की भी सीख देता है। शिविर को सफल बनाने में सतीश कुमार, अशोक कुमार राय सहित विद्यालय के तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं का विशेष योगदान रहा।

## भुरकुंडा में दो दुकानों पर केस दर्ज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार में टीवीएस के डुप्लीकेट पाट्र्स बेचने की शिकायत पर भुरकुंडा पुलिस ने दो दुकानों पर केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार भुरकुंडा बाजार के दो दुकानों पर टीवीएस कंपनी के डुप्लीकेट पाट्र्स बेचने की शिकायत कोलकाता से टीवीएस कंपनी के अधिकारियों द्वारा भुरकुंडा ओपी में किया गया था। जिसके बाद भुरकुंडा पुलिस भुरकुंडा बाजार स्थित पेट्रोल पंप के समीप फ्रेंड्स ऑटो पाट्र्स और आमिन ऑटो पाट्र्स दुकान बिरसा चैक में छापेमारी की। छापेमारी में पुलिस ने दुकान से टीभीएस कंपनी का ब्रेक शू, फिल्टर और कई डुप्लीकेट पाट्र्स को जप्त कर ओपी ले आई। वहीं पुलिस ने धारा 419, 420, 483, 486/34 आईपीसी एंड 103, 104 इंडियन ट्रेड मार्केटिंग 1999 और 63, 65 कॉपीराइट एक्ट 1957 के तहत दोनो दुकानों पर केस दर्ज किया है। वहीं दुकानदारों से पूछताछ जारी है।

## जीएम की मां का अंतिम संस्कार



**कुजू।** सीसीएल कुजू जीएम नीरज कुमार सिन्हा ने अपनी माँ प्रमिला देवी (80 वर्ष) का बुधवार को रामगढ़ स्थित दामोदर नदी तट पर अंतिम संस्कार किया। इस दौरान सीसीएल के अधिकारी, कर्मचारी, शुभचिंतकों सहित ट्रेड यूनियन के नेता दाह संस्कार कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही, उनकी आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन धारण कर शोकसभा किया। अंतिम यात्रा से पूर्व, सीसीएल कुजू परिजात कॉलोनी स्थित उनके बंगले में आगत लोगो ने पुष्प आर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। साथ ही, शोक संवेदना भी प्रकट की। बताते चले कि मंगलवार को प्रमिला देवी को सांस लेने में दिक्कत हुई। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी। अंतिम यात्रा में श्रमिक नेता में फागु बेसरा, कुमार महेश सिंह, मो अत्ताउल्लाह, प्रवीण मेहता, ज्योतिन्द्र प्रसाद साहू, तिवारी महतो, दुष्यन्त पटेल, जगदीश महतो, रामभजन लाल महतो, मो अलाउद्दीन, आरएन सिंह, बूटी तिवारी, रतन प्रसाद साहू, सुधान सिंह, सहदेव मांझी, सीसीएल अधिकारी में बीपी गुप्ता, गिरीशचन्द्र, अजीत सिंह, प्रशांत प्रियदर्शी, अभिमन्यु सिंह, विजय प्रकाश, पवन कुमार, संजय सिंह, मनीष कुमार, सन्तोष कुमार, पवन सिंह, विवेक कुमार, राजू रविदास, हेमन्त सिंह, हरि महतो, दिनेश तिवारी, सूरज मेहता समेत कई लोग मौजूद रहे।

# हजारीबाग में सामूहिक विवाह 14 को

### 24 जोड़े लेंगे सात फेरे, सदर विधायक ने राज्यपाल को दिया निमंत्रण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल जनप्रतिनिधि हमेशा जनता के सुख दुःख में सहभागी बनकर उनके साथ खड़े रहते हैं। कोरोना काल के विपरीत परिस्थिति में उनके द्वारा किया गया सेवा कार्य जनता हमेशा याद रखेगी। हजारीबाग के सर्वांगीण विकास के साथ जन सुविधा और जन जरूरतों के लिए सदैव सड़क से लेकर सदन तक मुखर रहते हैं।

जनता के छोटे जरूरत तो या उनके व्यक्तिगत बुलावे उनके बीच हमेशा हाज़िर रहते हैं। हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल और उनके परिवार के द्वारा एक अनूठी और प्रेरक पहल की तैयारी शुरू कर दी है। जिसके तहत उनके सहयोग से हजारीबाग जिले के 25 जरूरतमंद जोड़े की सामूहिक विवाह हजारीबाग में 14 दिसंबर को संपन्न कराया जायेगा। इसके लिए सभी



जोड़ों का चयन कर लिया गया है। विधायक मनीष जायसवाल ने बुधवार को राजभवन रांची पहुंचकर ज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मिलकर इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम की पूरी जानकारी दी और इस उपलक्ष्य में महामहिम को निमंत्रण भी दिया। विधायक मनीष जायसवाल ने महामहिम राज्यपाल से विभिन्न विषयों पर सार्थक चर्चा भी की और उनका मार्गदर्शन भी प्राप्त किया ।

मौके पर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र के जरूरतमंद 25 जोड़े का सामूहिक विवाह का आयोजन व्यापक और भव्य होगा। पारंपरिक तरीके से पूरे विधि-विधान के साथ शादी कराया जायेगा और 25 परिवार के आर्थिक बोझ को कम करने का सकारात्मक पहल किया जायेगा। उन्होंने बताया की मेरे सामाजिक जीवन का यह सबसे पुनीत और बड़ा कार्य होने जा रहा है ।

# शिविर से हर व्यक्तियों को मिल रहा लाभ: विधायक

**बड़कागांव मध्य पंचायत में आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बड़कागांव।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन बड़कागांव मध्य पंचायत में हुई इसकी अध्यक्षता मुखिया मो तकरीमूला खान ने किया।जबकि संचालन पत्रकार संजय सागर एवं पूजा राय ने किया।कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक अंबा प्रसाद,जिप सदस्य यासमीन निशा,प्रमुख फुलवा देवी, बीडीओ जितेंद्र मंडल,सीओ बालेश्वर राम,एम ओ उमाशंकर,मुखिया मोहम्मद तकरीमुला खान,पसस रितेश ठाकुर 20सूत्री अध्यक्ष मो तब्बसूम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के मुखिया हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम हो



रही है, ताकि झारखंड के हर व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ मिल सके।इस कार्य के लिए मुखिया जन प्रतिनिधि, अधिकारी व कर्मचारी अहम योगदान दे रहे हैं।विधायक द्वारा विभिन्न विभागों की ओर से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन,उप प्रमुख वचन देव कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मजहर खान,गणेश राम, संजय रवि,लीला देवी,सीमा देवी, निर्मला देवी,मुस्कान परवीन, बीपीओ अरुण कुमार ,हीरो महतो,कल्याण पदाधिकारी भास्कर कुमार, शंभू रविदास, जागेश्वर राम, सुबोध सिंह, दीपक प्रजापति,शेखर कुमार, अजय कुमार,विवेक कुमार, आनंद कुमार,पंकज कुमार, रविंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, दीपक कुमार, हामिद रजा, रामेश्वर राम,जयप्रकाश राम,तुलसी महतो, सोहेल खान,रवि कुमार, सनीत महतो समेत कई लोग मौजूद थे।

## छेड़खानी के आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग

**रामगढ़ ।** चितरपुर में स्कूली छात्राओं से छेड़खानी एवं मारपीट करने के आरोपियों को बचाने एवं गिरफ्तारी को लेकर ढुलमुल रवैया अपनाने के विरोध ने रामगढ़ जिले के तमाम हिंदू संगठनों के दर्जनों कार्यकताओं ने मंगलवार संध्या रामगढ़ के किला मंदिर में बैठक की। बैठक की अध्यक्षता हिंदू रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मिश्रा ने की। संचालन श्रीराम सेना के जिलाध्यक्ष विशाल जयसवाल ने किया। बैठक में सभी कार्यकर्ताओं ने राजनीतिक दलों के दबाव में आकर पुलिस के मुख्य आरोपियों को बचाने की कड़ी निंदा की। बैठक ने मुख्य रूप से सचिन चंद्रवाशी, आकाश सिंह, मणिशंकर ठाकुर, विनोद कुमार, रंजन कुमार, नीरज गोयल, केपी सिंह आदि मौजूद थे।

## आजसू का धरना समाप्त

रामगढ़ । सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी के पहल और मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो की सकारात्मक पहल पर रेल प्रबंधन मंगलवार को आगे आया। चैनपुर रेलवे स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर आजसू पार्टी चैनपुर रेलवे स्टेशन पर निर्धारित अनिश्चितकालीन धरना, धरना के दूसरे दिन आगामी 8 दिसंबर को डिविजनल रेलवे मैनेजर धनबाद के साथ निर्धारित वार्ता के आश्वासन पर समाप्त हुई। गौरतलब हो कि मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में 27 नंवबर से चैनपुर रेलवे स्टेशन पर शक्तिपुंज एक्सप्रेस के ठहराव को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में ग्रामीण डटे थे।

## तालाटांड़ में विधायक ने किया सड़क का शिलान्यास

**पतरातू ।** पतरातू प्रखंड अंतर्गत तालाटांड़ मुख्य पथ से भुइया टोली तक ग्रामीण कार्य विभाग से बनने वाली सड़क का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने बुधवार को किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास में सबसे बड़ी भूमिका सड़कों की है और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। हर गांव मुख्य सड़क से कनेक्ट हो इसके लिए वे हमेशा फिक्रमंद है। क्षेत्र के विकास के लिए जनता कहे या फिर नहीं कहे यह उनकी जवाबदेही में शामिल है। विधायक ने कहा कि ग्रामीणों की जिम्मेदारी है कि वे सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर नजर रखें। साथ ही उन्होंने संवेदक को चेतावनी दी की गुणवत्ता में कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। मौके पर विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने बताया कि ग्रामीण कार्य विभाग से 2.20 किमी सड़क का निर्माण करीब 2 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों में हर्ष का माहौल देखने को मिला। मौके पर कांग्रेस पार्टी के पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत पटेल, असगर अली, संवेदक शमशेर अंसारी, अंजन प्रसाद, योगेंद्र सिंह खरवार, रमेश बेदिया, चरण देव उरांव, मकसूद अंसारी आदि उपस्थित थे।

# किक बॉक्सिंग में हजारीबाग की मंदाकिनी ने जीता गोल्ड

बड़कागांव। जिले की मंदाकिनी यादव ने दो दिवसीय खेलो इंडिया विमेंस किकबॉक्सिंग लीग में स्वर्ण पदक जीत कर हजारीबाग का नाम रौशन किया है। रांची के खेलगांव स्टेडियम स्थित बॉक्सिंग हॉल में आयोजित हुए इस प्रतियोगिता में 50 किलोग्राम भार में मंदाकिनी ने हजारीबाग जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए यह पदक अपने नाम किया।

इससे पहले मंदाकिनी ने इस वर्ष अगस्त महीने में वाको इंडिया की ओर से आयोजित किकबॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। सुश्री मंदाकिनी यादव हजारीबाग के नमन विद्या स्कूल में 8वीं कक्षा की छात्रा हैं और मुकेश कराटे



अकादमी, हजारीबाग में प्रशिक्षण भी ले रही हैं। मंदाकिनी के पिता रामअवध यादव अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के गोंदलपुरा खनन परियोजना में बतौर डिप्टी मैनेजर कार्यरत हैं। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के कार्यालय में बुधवार को उसे सम्मानित किया गया। मंदाकिनी की इस उपलब्धि पर पूरा परिवार, कराटे अकादेमी और स्कूल प्रबंधन बेहद खुश है।

# शिविर से ग्रामीणों तक पहुंच रहा विकास का लाभ : अंबा





**सीसीएल सौंदा पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर में दर्जनों आवेदन निष्पादित**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातू प्रखंड के सीसीएल सौंदा पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा शिविर। शिविर का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, जिला सहकारिता पदाधिकारी मनोज कुमार, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने किया। विधायक ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दर्जनों लाभकारी योजनाए चलाई जा रही है। जिसका लाभ सीधे तौर ग्रामीण तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा कि शिविर में आकर योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ लें। बीडीओ ने लाभकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, राजस्व विभाग, कल्याण विभाग, वन विभाग सहित वृद्धा व दिव्यांग पेंशन योजना, अबुवा आवास योजना, बिजली वितरण योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सावित्री बाई फूले योजना, बाल विवाह रोक योजना, श्रम नियोजन योजना, खाद सार्वजनिक योजना, आधार सुधार, वोटर आईडी सुधार सहित अन्य का स्टॉल लगाया गया था।

इस दौरान दर्जनों ग्रामीणों ने विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन भी जमा किया। जिसमें से कई मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया। बाकी का जांचोंपरांत निष्पादन करने की बात कही गई। शिविर में दर्जनों विद्यार्थियों को साईकिल के लिए साढे 4 हजार रुपए का चेक विधायक ने दिया। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वालंबी बनाने के उद्देश्य से स्वीकृति लोन का चेक भी सौंपा गया।

वहीं दर्जनो गरीबों-असहायों के बीच धोती-साड़ी व कंबल का वितरण किया गया। जबकि वन विभाग विभाग द्वारा फलदार पौधों का वितरण किया गया। वहीं प्रवासी कार्ड, राशन कार्ड व कई लोगों का नया आधार कार्ड भी बनाया गया। मौके पर गुड़िया देवी, आशा देवी, राजकुमार सिंह सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

एक नजर में

## शिविर में महिला समितियों को मिला तीन लाख



**टाटीझरिया ।** खैरा पंचायत सचिवालय प्रांगण में आपकी योजना आपके सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत की मुखिया कुमारी माधुरी ने किया ।कार्यक्रम का उद्घाटन टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल,बीडीओ सह सीओ रश्मि खुशबु मिंज , जीप सदस्य रामप्रसाद ,उपप्रमुख रवि कुमार वर्नवाल,20 सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह,पंचायत समिति सदस्य विनय कुमार दास,के हाथो संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। जेएसएलपीएस विभाग द्वारा महिला समितियों को 3 लाख रुपए चैक का वितरण किया गया। कार्यक्रम स्थल में खाद्य आपूर्ति विभाग,पीएम आवास योजना,मनरेगा,बिजली विभाग,स्वास्थ्य विभाग ,कृषि विभाग,शिक्षा विभाग,पशुपालन विभाग, जेएसएलपीएस,समेत अन्य विभिन्न विभागों का शिविर लगाया गया । खैरा पंचायत में लाभुको ने शिविर प्रांगण में अपनी जरूरत के अनुसार विभिन्न योजनाओं को लेकर आवेदन पत्र सबंधित विभागों को दिया ।कार्यक्रम में बीपीओ अफरोज अख्तर, जेई शशांक भूषण,पियूष कर्ण,सुनील कुमार,रोजगार सेवक संतोष दास, धर्मवीर कुमार साव ,शिवेश कुमार,नागेश्वर राम,विश्वजीत दुबे,शंकर प्रसाद वर्मा ,समाज सेवी अरविंद केशरी,सुरेश प्रसाद ,भुनेश्वर पांडेय,समेत अन्य कई लोग उपस्थित थे।

## बेन्दगी : आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़



**बरही।** प्रखण्ड के बेन्दगी पंचायत भवन परिसर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों लोग शामिल होकर प्रमुख समस्याओं से सरकार को अवगत कराने का प्रयास किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से बरही प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ रामनारायण खलखो, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मो तौकीर रजा, मो वारिस अंसारी, बीसीओ संजय यादव, जेएसएलपीएस बीपीएम दीपक कुमार, मुखिया सिकंदर राणा, उपमुखिया अशोक राणा, पंसस कलावती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। झारखंड सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना को लेकर सभी विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर समस्याओं को निपटाने का प्रयास किया गया। इस दौरान लोगों ने अबुआ आवास योजना में सबसे अधिक आवेदन दिया ।जहां कई आवेदन का निष्पादन त्वरित रूप से कर दिया गया। शिविर में अबुआ आवास से सम्बंधित 240, बिरसा कूप को लेकर 4, जन्म प्रमाण पत्र 11 जिसमें 6 का निष्पादन कर दिया गया। इसके अलावा मृत्यु प्रमाण पत्र 2, मोटेशन 1, लगान रशीद 10, मनरेगा नया योजना 25, गुरु जी क्रेडिट कार्ड स्कीम 2, पेंशन 27, सावित्री बाई फुले योजनना 11, किसान क्रेडिट कार्ड 5, आधार इनरोलमेंट 2, मुख्यमंत्री पशुधन योजना 14, धोती साड़ी वितरण 42, कम्बल वितरण 130, राशन कार्ड सुधार 5 सहित अन्य 8 आवेदन प्राप्त हुए। इस कार्यक्रम में प्रखंड सह अंचल कार्यालय से सीआई सतीश कुमार, राजस्व कर्मचारी रीतलाल रजक, सॉवना मांझी, कम्प्यूटर ऑपरेटर प्रशांत कुमार, दीपक कुमार, मुकेश सिंह, बीपीओ मो परवेज, पंसस प्रतिनिधि झमन यादव समेत कई उपस्थित हुए।

## ढौठवा में घर से लाखों की संपत्ति ले उड़े चोर

**कटकमसांडी ।** प्रखंड क्षेत्र के ढौठवा गांव में संतोष प्रसाद केसरी के घर में सोमवार रात में चोरी का घटना का दिया अंजाम। भुक्ति भोगी संतोष प्रसाद केसरी अपने परिवार के ईलाज करवाने के लिए सोमवार सुबह में रांची गया हुआ था ।उसी रात्रि में चोरो ने संतोष प्रसाद केसरी के घर से नगद 63000हजार चांदी 20पीस बेरा,सिकडी,पायल, बिछिया,और सोने का जेवरात मे छुमका, मांग टीका, मंगलसूत्र, अंगुठी, इन सभी समान को घटना को दिया अंजाम , मुक्त भोगी ने चोरी का आवेदन देकर कटकमसाडी थाना में लिखित आवेदन दे कर के न्याय का गुहार लगाया है ।इधर इस तरह का चोरी से आस पास के गांव में दहशत की माहौल है ।

## योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें

कटकमसांडी। सरकार द्वारा आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष के निर्देशानुसार अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष साजिद अली खान ने गदोखर पंचायत में आयोजित कार्यक्रम मे शामिल होकर सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और लोगों से अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष एवं उनके पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण जनता को सहयोग करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक कार्यक्रम का लाभ पहुंचाने का सार्थक प्रयास किया गया। मौके पर बीडीओ वेदवंती कुमारी, सीओ अनिल कुमार, बीससूत्री अध्यक्ष सरयू यादव, मुखिया नारायण साव, कांग्रेस के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उपाध्यक्ष नरसिंह प्रजापति व सदस्य रामानुज सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर जमशेद खान, सर्वधर्म मानवता मंच के केंद्रीय अध्यक्ष निसार खान, मैनुल हक खान, सदर नौशाद खान, पंसस जहांगीर अली, सद्दाम खान, शमशाद आलम, शमीम अंसारी, मो. मेराज, फैज आलम, मो. गुलजार, इफ्तेखार अहमद, मो. कमालुद्दीन आदि प्रबुद्धजन व जनप्रतिनिधागण मौजूद थे। इधर गदोखर पंचायत भवन में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर एवं फाइलेरिया मरीजों को एमएमडीपी कीट का वितरण किया गया। कार्यक्र को सफल बनाने में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. भूषण राणा, सीएचओ अर्चना पूर्ति तिर्की, एमटीएस सुरेंद्र कुमार, नोडल मनोज गोप, एमटीएस सुरेन्द्र कुमार, एएनएम प्रमीला कुमारी, रेणु कुमारी, सोनी कुमारी, एमपीडब्ल्यू अर्जुन प्रसाद , मनोज कुमार , एलटी राज कुमार, रविन्द्र कुमार, सहिया साथी सैफुन बेगम एवं सभी सहिया दीदियों की भूमिका अहम रही।

## जलमीनार के खराब मोटर की हुयी मरम्मती

**गोला।** राजकीय मध्य विद्यालय हुप्पू स्थित जलमीनार का मोटर खराब होने से पिछले दो सप्ताह से बच्चे पानी की समस्या से जूझ रहे थे। स्थानीय ग्रामीणों ने पंचायत के मुखिया प्यारेलाल महतो को समस्या से अवगत कराया। मुखिया ने समस्या पर त्वरित पहल करते हुए बुधवार को खराब मोटर की मरम्मत करा दी गई। मोटर दुरुस्त होने के बाद स्कूली बच्चों को पेयजल समस्या से राहत मिली। मुखिया ने शिक्षको हेदायत देते हुए कहा कि पेयजल जैसी जीवन की मूल जरुरत पूरी करने में किसी को कोई दिक्कत न हो। इसके लिए हम सभी को मिलकर सरकारी व्यवस्था जलमीनार का उचित रखरखाव पर ध्यान दें। किसी तरह की परेशानी हो तो अवश्य सूचना दें। मौके पर सिकंदर शर्मा, अशोक महतो, सरुन महतो, आनंद महतो, ईजहार अहमद, सरिता कुमारी, मटुकलाल महतो, चंद्रलाल महतो, जतरू महतो, जयकिशोर शर्मा सहित बच्चे व शिक्षक उपस्थित थे।

# हिलते हिमालय में निर्माण का जोखिम



## क्रिकेट ही नहीं सुरंग समस्या में भी जीत के सूत्रधार रहें हैं आस्ट्रेलिआई अर्नोल्ड डिक्स

सिल्कयारा सुरंग से सभी 41 श्रमिकों के सफल बचाव पर ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज के बधाई संदेश पर अंतर्राष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञ अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि धन्यवाद, श्रीमान प्रधान मंत्री... यह दिखाना मेरा विशेषाधिकार और खुशी है कि हम सिर्फ क्रिकेट में ही शानदार नहीं, हम अन्य काम भी करते हैं, जिसमें सुरंग बचाव भी शामिल है। 41 लोग बाहर हैं, सभी सुरक्षित हैं। सब कुछ सही है।

आपको बता दें कि ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज ने उत्तराखंड में सिल्क्यारा-बारकोट सुरंग के अंदर फंसे 41 श्रमिकों को निकालने के लिए सफलतापूर्वक बचाव अभियान चलाने के लिए भारतीय अधिकारियों की सराहना की।

उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के सुरंग विशेषज्ञ प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की भूमिका पर भी गर्व व्यक्त किया, जिन्होंने असंख्य चुनौतियों का सामना करते हुए दो सप्ताह तक चले ऑपरेशन की निगरानी की। अल्बानीज ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि भारतीय अधिकारियों की एक अद्भुत उपलब्धि। गर्व है कि ऑस्ट्रेलियाई प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स ने मैदान पर भूमिका निभाई।

41 श्रमिकों के सफल बचाव पर ऑस्ट्रेलियाई प्रधान मंत्री एंथनी अल्बानीज के बधाई संदेश पर अंतर्राष्ट्रीय सुरंग विशेषज्ञ, अर्नोल्ड डिक्स ने कहा कि, धन्यवाद, श्रीमान प्रधान मंत्री... यह दिखाना मेरा विशेषाधिकार और खुशी है कि हम सिर्फ क्रिकेट में ही शानदार नहीं, हम अन्य काम भी करते हैं, जिसमें सुरंग बचाव भी शामिल है। 41 लोग बाहर हैं, सभी सुरक्षित हैं। सब कुछ सही हैं।

भारत में ऑस्ट्रेलियाई उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ने भी बचाव अभियान की सराहना की और इसे बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स के प्रयासों को रेखांकित किया, जिन्होंने तकनीकी सहायता प्रदान की, जिससे सभी फंसे हुए श्रमिकों को सुरक्षित निकाला जा सका ।ग्रीन ने एक्स पर पोस्ट किया कि ऑस्ट्रेलिया के प्रोफेसर अर्नोल्ड डिक्स की विशेष सराहना, जिन्होंने मैदान पर महत्वपूर्ण तकनीकी सहायता प्रदान की। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि है। उत्तराखंड में सुरंग में फंसे सभी 41 श्रमिकों को सफलतापूर्वक निकालने के लिए अधिकारियों को धन्यवाद। 12 नवंबर को सिल्क्यारा की ओर से 205 से 260 मीटर के बीच सुरंग का एक हिस्सा ढह गया था। जो श्रमिक 260 मीटर के निशान से आगे थे वे फंस गए, उनका निकलने का रास्ता बंद हो गया था। सिल्कयारी सुरंग में 12 नवंबर से फंसे सभी 41 मजदूरों को मंगलवार शाम को सुरक्षित निकाल लिया गया।

## देवभूमि से न आये प्राकृतिक विपदा के संदेश

नागेन्द्र सिंह

**आस्था** और श्रद्धा की स्थली हिमाचल में जल-विलप्व ने देश-दुनिया को विचलित किया। आध्यात्मिक साधना की धरा में कुदरत के रौद्र के मायने तलाशे जा रहे हैं। जब अतिवृष्टि, बादल फटने, बाढ़, भूस्खलन की खबरें शेष देश को भयभीत कर रही थी, उस दौरान योग व आध्यात्मिक गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर देवभूमि के साधना स्थलों, आध्यात्मिक ऊर्जा केंद्रों व अन्य दुर्गम इलाकों में भारत, ब्रिटेन, कैरिबियन देशों व रूस के साधकों के साथ साधनारत थे। ऐसे इलाके में जिनसे आम लोग अनभिज्ञ हैं। वे इस घटनाक्रम को प्रकृति के परिवर्तन की प्रक्रिया मानते हैं। लेकिन कहते हैं कि देवभूमि से भोग के पर्यटन में तब्दील होते हिमाचल में आध्यात्मिक साधना के लिये स्पेस सुरक्षित रखने की जरूरत है। प्रकृति से सामंजस्य रखने वाली जीवन शैली की जरूरत है। हिमालय पर्वत शृंखलाओं में साधना से लौटते हुए हिमालय सिद्ध अक्षर ने चंडीगढ़ में बातचीत के दौरान अरुण नैथानी को देवभूमि के मायने, विकास की विद्रूपता और इसके अतीत, वर्तमान व भविष्य के बारे में बताया।

हिमालय बार-बार बुलाता है। इससे आध्यात्मिक प्रेम का संबंध है। एक विशिष्ट उद्देश्य नजर आता है। जिसके लिये हम संत-साधक बने हैं। जो जीने का तरीका सीखा है। सच कहें तो आत्मा को भी संतुष्टि मिलती है। गुरुओं की आज्ञा भी है। आज दुनिया भर से साधक हिमालय की ओर आ रहे हैं। सदियों से यहां ऋषि-मुनियों ने मानव कल्याण का आध्यात्मिक-धार्मिक साहित्य रचा। एक आध्यात्मिक यात्रा में हम तामसिक प्रवृत्तियों से पूरी तरह मुक्त होकर पुण्यकर्म में रत रहते हैं। ऐसी स्थिति बनी रहे। हिमालय में दुर्गम इलाकों में साधना के दौरान हम आधुनिक सभ्यता के आडंबरों से मुक्त होते हैं। वहां मोबाइल नहीं होता। कोई दूसरा बाधक विचार भी नहीं आता। संदेश यही कि पुण्य शक्ति कैसे जीवन में आत्मसात करें। एक मायने में जीवन का शुद्धीकरण है। हम अध्यात्म की गतिविधियां आगे बढ़ाते हैं। निस्संदेह, अध्यात्म से मनुष्य जीवन को पूर्णता मिलती है। हिमालय के आंचल में क्या-क्या नहीं है। हर बार हिमालय नया नजर आता है। हर बार नया संदेश है। नये साधकों के साथ नित बड़ी विचित्र घटनाएं घटती हैं। अब चाहे दिन में चल रहे हों या फिर रात को सपने में हों।

### 6.5 करोड़ वर्ष पुराना है हिमालय

**सही** मायनों में ईश्वरीय सत्ता का व संवाद का माध्यम है हिमालय। सहज, सरल मन से ईश्वरीय संवाद की आकांक्षा हो। यदि मन साफ रहेगा तो आध्यात्मिक उन्नति संभव है। गुरु ज्ञान से जो बताएं वो करें। पश्चिम-उन्मुख पीढ़ी इस ज्ञान से वंचित है। अध्यात्म हमें अनुशासित व मानवीय बनाता है। मन को ऐसा पवित्र बना लेना कि गर्व महसूस करें मैं शांत हूं। सही मायनों में रूपांतरण हो जाता है। अहम, गुस्सा, काम वासना संयमित हो जाती है। मानो हम हिमालय प्रवास में व्रत लेते हैं। इसे दूसरे जगत से जुड़ना मानते हैं। इस देवभूमि में जब सहज ध्यान लगाते हैं तो उस शक्ति से जुड़ना सहज हो जाता है। भारतीय युवाओं के लिये तो ध्यान लगाना आसान है। विदेशी युवाओं में भी जीवन में पूर्ण परिवर्तन का वाहक बन जाता है ध्यान। इस यात्रा के दौरान विदेशी युवाओं ने मानसिक द्वंद्वों से मुक्ति महसूस की। उन्हें अच्छी नींद मिली और अच्छे सपने देखते रहे हैं। सात्विक साधना से मन हल्का और हृद्य शुद्ध हो जाता है। दृष्टि में परिवर्तन आ जाता है।

**शिवालिक हिमालय।**

महान हिमालय के उत्तर की ओर या बाहर की ओर स्थित होने के कारण इसे पार हिमालय कहा जाता है। इसे ट्रांस हिमालय के नाम से भी जाना जाता है। इसके अंतर्गत कैलाश श्रेणी, लद्दाख, जास्कर, तथा कराकोरम श्रेणी को



शामिल किया जाता है। सिंधु नदी लद्दाख और जास्कर पर्वत श्रेणियों के मध्य में प्रवाहित होती है। और यह लद्दाख श्रेणी को बुंजी नामक स्थान पर काटकर गहरे गार्ज का निर्माण करती है। इस हिमालय के कराकोरम श्रेणी में भारत का सर्वोच्च शिखर गाडविन आस्टिन ( के2 ) ( 8611 मीटर ) स्थित है। जो दुनिया के दूसरी सबसे ऊँची पर्वत चोटी है माउन्ट एवरेस्ट ( 8848 मीटर ) के बाद।

ट्रांस हिमालय परतदार चट्टानों से निर्मित है। तथा यहाँ वनस्पतियो का पूर्ण आभाव पाया जाता है। सिंधु, सतलज, ब्रह्मपुत्र नदियों का उद्गम स्थल इसी हिमालय में है।

**महान हिमालय।**

यह हिमालय पर्वत श्रृंखला का प्रमुख पर्वत श्रेणी है। इसकी औसत उचाई 6100 मीटर तथा औसत चौड़ाई 25 किमी है। यह एक सतत श्रेणी है। इसे दर्रो के माध्यम से पार किया जा सकता है। इसकी दक्षिणी ढाल तीव्र तथा उत्तरी ढाल मध्यम है। सर्वाधिक उचाई के कारण इसे बृहद हिमालय भी कहा जाता है। जिसके कारण इसको पार कर पाना काफी कठिन है। इसमें सालो भर बर्फ से ढके रहने के कारण इसे हिमाद्रि के नाम से भी पुकारा जाता है।

इस श्रेणी का निर्माण 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व आदिनूतन कल में हुआ है। इस श्रेणी के आंतरिक भाग में जीवाश्मरहित चट्टानें पाई जाती है। जिसके ऊपर अवसादी ( परतदार ) चट्टानें की परत थी किन्तु अपरदन के कारण वर्त्तमान समय में परतदार चट्टानें पूरी तरह से नष्ट हो गई है एवं आंतरिक भाग की अजैविक चट्टाने बाहर निकल गई है।

### ईश्वरीय सत्ता का व संवाद का माध्यम है हिमालय

वास्तव में हिमालय नाराज नहीं। प्रकृति का तो नियम ही निरंतर बदलना है। सामान्यतः दो तरह के जीवन हो सकते हैं। एक प्रकृति का जीवन है। दूसरा प्रकृति को विकास के नाम पर डिस्टर्ब करने वाला। विगत में प्रकृति से साम्य के रूप में हिमालय के प्रति जो श्रद्धा रही है उसने परिवेश से आत्मीय संबंध स्थापित किया। पर्वत नाराज नहीं होते भक्तों व बच्चों से। उन्हें कष्ट नहीं देंगे। लेकिन क्या करें हमारी करनी ऐसी है। हमारे कर्म ऐसे हैं कि विकास के नाम पर पाप हो रहा है। कुल्लू-मनाली को देखिए, धारणा बन गई है जो होगा वो विकास से होगा। ये भ्रमित विचार है। हमने प्रण लिया है कि जब भी पहाड़ पर आएं, देवी-देवताओं के स्थान के रूप में इसकी गरिमा का ख्याल रखेंगे। हम पहाड़ों जैसी दूसरी जगह बना नहीं सकते। ये पहाड़-पेड़ और झरने कुदरत का शृंगार है।

कुदरत साक्षात विराजमान है। डिजास्टर एक मायने में प्रकृति के बदलाव की प्रक्रिया है। ऊपर का पहाड़ जायेगा, तो नीचे का दिखेगा। नया पहाड़ दिखेगा। लेकिन विकास के नाम पर छेड़छाड़ से कष्ट होगा। फिर हम दोनों तरह का जीवन न जी पाएंगे- न भौतिक और न ही आध्यात्मिक।

निस्संदेह, हिमालय आस्था और दैवीय शक्तियों से संवाद की स्थली है। हिमालय की पर्वत शृंखलाओं में तमाम साधु-संत और शंकराचार्य आए। विडंबना देखिये कि नई पीढ़ी भोग लिये जा रही है। शराब पीकर हुड़दंग करने के लिये। उच्छृंखल होकर अराजक व्यवहार करती है। आखिर इस भोगवादी अराजकता पर कैसे अंकुश लगे। विडंबना यह है कि हिमालय की अस्मिता से खिलवाड़ पर सत्ता व समाज मौन है।

आम धारणा है कि हिमाचल में जो मौसम के रौद्र से बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन की घटनाएं हुई वे ग्लोबल वार्मिंग का असर हैं। सवाल किया जाता है कि ये कैसे रुकेगा। वैसे हमें रोकने के बारे में सोचना नहीं चाहिए। मनुष्य इतना बड़ा कभी नहीं हो सकता कि हिमालय जैसी शक्ति को रोक सके। हिमालय के सामने इंसान की उपस्थिति चींटी जैसी है। हम इसे जीत लेंगे, यह गलत विचार है। एक बाप अपने बच्चे को कंधे पर बैठाकर खुश होता है। ऐसे ही हिमालय भी आनन्दित होता। यह अहंकार भाव पैदा करना कि हमने हिमालय जीत लिया, मुश्किल पैदा करेगा। हिमालय हमारे पिता तुल्य हैं। यह टकसाली सत्य है कि हिमालय की प्रकृति बदलेगी। उसके कुछ पत्थर सरकेंगे। यदि वहां रहना है तो प्रकृति से साम्य बनाना होगा।

हर जगह सड़क बनाई जा रही है। जहां जगह मिल रही है मकान बना दिये जा रहे हैं। इसमें हिमालय को दोष नहीं। प्रकृति का नियम बदलना है। नदी भी बदलेगी। इसमें कभी पानी ज्यादा व कभी कम होगा। पहाड़ नीचे भी सरकेगा। हिमालय के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना होगा। गलत जगह घर बनाने से बचना होगा। हिमाचल हो या उत्तराखंड-पूरी हिमालय श्रृंखला आपके पास है। इसकी रक्षा करें । यदि इसकी प्रकृति से खिलवाड़ करेंगे तो नुकसान होगा।

## ओपिनियन पोल से कैसे अलग होते हैं एग्जिट पोल?

### 1998 में पहली बार टीवी पर एग्जिट पोल का प्रसारण किया


**आज राज्यों के चुनाव का पूर्व अनुमान प्रकाशित होंगे**

ओपिनियन पोल चुनाव से पहले कराए जाते हैं। ओपिनियन पोल में सभी लोगों को शामिल किया जाता है। भले ही वो वोटर हों या नहीं हों। वहीं, एग्जिट पोल मतदान के तुरंत बाद किया जाता है। इसमें केवल वोटर्स को ही शामिल किया जाता है।

7 नवंबर से लेकर 25 नवंबर तक मिजोरम, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और राजस्थान में विधानसभा चुनाव हुए। वहीं, तेलंगाना में मतदाता गुरुवार (30 नवंबर) को वोटिंग करेंगे। सभी राज्यों के नतीजे तो 3 दिसंबर को पता चलेंगे, पोल में क्या होता है अंतर?

**ओपिनियन पोल:** ओपिनियन पोल चुनाव से पहले कराए जाते हैं। ओपिनियन पोल में सभी लोगों को शामिल किया जाता है। भले ही वो वोटर हों या नहीं हों। ओपिनियन पोल के रिजल्ट के लिए चुनावी दृष्टि से क्षेत्र के प्रमुख मुद्दों पर जनता की नब्ज को टटोलने का प्रयास किया जाता है। इसके तहत क्षेत्रवार यह जानने की कोशिश की जाती है कि जनता किस बात से नाराज और किस बात से संतुष्ट है।

एग्जिट पोल: एग्जिट पोल मतदान के तुरंत बाद किया जाता है। एग्जिट पोल में केवल वोटर्स को ही शामिल किया जाता है।




लेकिन आज की शाम को अलग-अलग मीडिया चैनलों और सर्वे एजेंसियों की तरफ से एग्जिट पोल जारी किए जाएंगे। किस राज्य में किस पार्टी की सरकार बन रही है? किस पार्टी को कितनी सीटें मिलेंगी? इसका अनुमान इस पोल के जरिए लगेगा।

अब आप सोच रहे होंगे कि ये एग्जिट पोल है क्या? कैसे मतगणना से पहले ही ये सरकार बनने और बिगड़ने का दावा कर देते हैं? इसका इतिहास क्या है? एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल में क्या अंतर होता है? इन सभी सवालों का हम आपको जवाब बताएंगे। पढ़िए ये रिपोर्ट...

पहले जान लीजिए ये एग्जिट पोल है क्या?

दरअसल एग्जिट पोल एक तरह का चुनावी सर्वे होता है। मतदान वाले दिन जब मतदाता वोट देकर पोलिंग बूथ से बाहर निकलता है तो वहां अलग-अलग सर्वे एजेंसी और न्यूज चैनल के लोग मौजूद होते हैं। वह मतदाता से वोटिंग को लेकर सवाल पूछते हैं। इसमें उनसे पूछा जाता है कि उन्होंने किसको वोट दिया है? इस तरह से हर विधानसभा के अलग-अलग पोलिंग बूथ से वोटर्स से मतलब इसमें वही लोग शामिल होते हैं, जो वोट डालकर बाहर निकलते हैं। एग्जिट पोल निर्णायक दौर में होता है। मतलब इससे पता चलता है कि लोगों ने किस पार्टी पर भरोसा जताया है। एग्जिट पोल का प्रसारण मतदान के पूरी तरह से खत्म होने के बाद ही किया जाता है।

ओपिनियन पोल के बारे में रोचक जानकारी

दुनिया में चुनावी सर्वे की शुरूआत सबसे पहले अमेरिका में हुई।

जॉर्ज गैलप और क्लॉड रोबिंसन ने अमेरिकी सरकार के कामकाज पर लोगों की राय जानने के लिए ये सर्वे किया था।

बाद में ब्रिटेन ने 1937 और फ्रांस ने 1938 में अपने यहां बड़े पैमाने पर पोल सर्वे कराए।

इसके बाद जर्मनी, डेनमार्क, बेल्जियम तथा आयरलैंड में चुनाव पूर्व सर्वे कराए गए।

एग्जिट पोल के बारे में रोचक जानकारी:

एग्जिट पोल की शुरूआत नीदरलैंड के समाजशास्त्री और पूर्व राजनेता मार्सेल वॉन डैम ने की थी।

वॉन डैम ने पहली बार 15 फरवरी 1967 को इसका इस्तेमाल




सवाल पूछा जाता है। मतदान खत्म होने तक ऐसे सवाल बड़ी संख्या में आंकड़े एकत्र हो जाते हैं। इन आंकड़ों को जुटाकर और उनके उत्तर के हिसाब से अंदाजा लगाया जाता है कि पब्लिक का मूड किस ओर है? मैथमेटिकल मॉडल के आधार पर ये निकाला जाता है कि कौन सी पार्टी को कितनी सीटें मिल सकती हैं? इसका प्रसारण मतदान खत्म होने के बाद ही किया जाता है।

**कितने लोगों से सवाल पूछा जाता है?**

वरिष्ठ पत्रकार प्रमोद श्रीवास्तव बताते हैं कि एग्जिट पोल कराने के लिए सर्वे एजेंसी या न्यूज चैनल का रिपोर्टर अचानक से किसी बूथ पर जाकर वहां लोगों से बात करता है। इसमें पहले से तय नहीं होता है कि वह किससे सवाल करेगा? आमतौर पर मजबूत एग्जिट पोल के लिए 30-35 हजार से लेकर एक लाख वोटर्स तक से बातचीत होती है। इसमें क्षेत्रवार हर वर्ग के लोगों को शामिल किया जाता है।

ओपिनियन पोल और एग्जिट किया था। उस समय नीदरलैंड में हुए चुनाव में उनका आकलन बिल्कुल सटीक रहा था।

भारत में एग्जिट पोल की शुरूआत इंडियन इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक ओपिनियन (आईआईपीयू) के प्रमुख एरिक डी कोस्टा ने की थी।

1996 में एग्जिट पोल सबसे अधिक चर्चा आए। उस समय दूरदर्शन ने सेंटर फॉर द स्टडी ऑफ डेवलपिंग सोसायटीज (सीएसडीएस) को देशभर में एग्जिट पोल कराने के लिए अनुमति दी थी।


**ये एजेंसी और चैनल कराते हैं सर्वे**

टुडे चाणक्य
एबीपी-सी वोटर
न्यूजएक्स-नेता
रिपब्लिक-जन की बात
सीएसडीएस
न्यूज18-आईपीएसओएस
इंडिया टुडे-एक्सिस माय इंडिया
टाइम्स नाउ-सीएनएक्स
सीएसडीएस

## आज भी बढ़ रहा है हिमालय, 1954 से 86 सेमी बढ़कर 8848.86 मीटर तक पहुंचा

**हिमालय** आज भी बढ़ रहा है। 1954 में हिमालय की उंचाई नापी गयी थी। तबसे 2015 तक दूसरी बार नापे जाने तक हिमालय 86 सेमी बढ़ चुका है।

भारत के उत्तर में विश्व के सबसे ऊँची, नवीनतम तथा मोड़दार पर्वत श्रृंखला हिमालय स्थित है। यह भारत के उत्तर पश्चिम में नागा पर्वत चोटी ( शिखर ) से उत्तर पर्व में नामचा बरुआ पर्वत चोटी तक अर्थात भारत के उत्तर पश्चिम में सिंधु नदी के मोड़ से उत्तर पूर्व में ब्रह्मपुत्र नदी के मोड़ तक अर्ध चंद्राकर रूप में फैला हुआ है।




भारत का भौतिक स्वरूप का मुख्य भू-आकृति उत्तरी पर्वतमाल, हिमालय पर्वत का क्षेत्रफल भारत में लगभग 5 लाख वर्ग किमी क्षेत्र में फैला हुआ है। इस पर्वत की लम्बाई पश्चिम से पूर्व लगभग 2500 किमी है। तथा उत्तर से दक्षिण की चौड़ाई 160 से 400 किमी है। इस पर्वत की औसत ऊंचाई समुद्रतल से लगभग 6000 मीटर है।

यह पर्वत श्रृंखला पश्चिम की ओर चौड़ी 400 किमी तथा पूर्व की ओर 160 किमी संकरी होती जाती है। जबकि इसकी ऊंचाई पूर्व की ओर अधिक तथा जैसे-जैसे पश्चिम की ओर बढ़ते है इसकी उचाई कम होते जाती है। विश्व की सबसे ऊँची पर्वत चोटियों में अधिकांश हिमालय में ही स्थित है। माउंट एवरेस्ट दुनिया के सबसे ऊँची पर्वत चोटी ( 8848 मीटर ) हिमालय में ही स्थित है।

## हिमालय के निर्माण का प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत

**प्लेट विवर्तनिकी** सिद्धांत के अनुसार मेसोजोइक महाकल्प ( 6.4 से 24.5 करोड़ वर्ष पूर्व ) में अंगारालैंड से इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट अलग होकर उत्तर पूर्व की ओर अग्रसारित होकर एशियाई प्लेट से जा टकराई। जिससे टेथिस भू-अभिन्नति में दबाव पड़ने के कारण मेसोजोइक महाकल्प के क्रिटेशियस काल ( 6.5 से 14.4 करोड़ वर्ष पूर्व ) टेथिस भू-सन्नति में उभार या ऊपर उठने की प्रक्रिया प्रारम्भ हुई। और यह उभार की प्रक्रिया वर्त्तमान समय तक जारी है। जिससे हिमालय पर्वत की ऊचाई वर्त्तमान समय में भी बढ़ना जारी है।

इंडो-ऑस्ट्रेलियन प्लेट के लगातार उत्तर पूर्व की ओर अग्रसारण के कारण आदिनूतन काल में 6.5 करोड़ वर्ष पूर्व महान हिमालय का उद्भव हुआ। इसी प्रकार अल्पनूतन काल में 2.5 से 3.0 करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय का द्वितीय उत्थान लघु हिमालय के रूप में हुआ। तथा अतिनूतन काल में 1.4 करोड़ वर्ष पूर्व हिमालय के शिवालिक श्रेणी की उत्पत्ति हुई।

भू-वैज्ञानिको का मानना है कि, भविष्य में प्लेटो के अभिसरण के कारण गंगा के मैदानों में एक चतुर्थ पर्वत श्रेणी का निर्माण हो सकता है।

**हिमालय का प्राकृतिक या भौतिक या भू-आकृतिक विभाजन**

भारत में हिमालय पर्वत का विस्तार 5 लाख वर्ग किमी में है। हिमालय पर्वत के अंतर्गत कई समांतर श्रेणियाँ उत्तर पश्चिम से उत्तर पूर्व की ओर फैली हुई है। इसको मुख्य रूप से चार प्राकृतिक भागो में विभाजित किया जाता है।

पार हिमालय।,महान हिमालय।

लघु हिमालय। वहद हिमालय

हिमालय पर्वत श्रृंखला की उत्पत्ति कैसे हुई है ?

महाद्वीपीय विस्थापन सिद्धांत

भू-अभिन्नति सिद्धांत

प्लेट विवर्तनिकी सिद्धांत

हिमालय का प्राकृतिक या भौतिक या भू-आकृतिक विभाजन

हिमालय पर्वत श्रृंखला का प्रादेशिक विभाजन कश्मीर या उत्तरी-पश्चमी हिमालय।

हिमाचल और उत्तरांचल हिमालय।

दार्जिलिंग और सिक्किम हिमालय।

अरुणाचल हिमालय।

पूर्वी पहाड़ियाँ और पर्वत।

# द्रविड़ ही रहेंगे हेड कोच, बीसीसीआइ ने किया एलान

## भारतीय क्रिकेट टीम जुलाई 2024 में करेगी श्रीलंका का दौरा

**कोलंबो।** भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम जुलाई 2024 में तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला और इतने ही टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने बुधवार को इसकी घोषणा की। वर्ष 2024 में, श्रीलंका की पुरुष राष्ट्रीय टीम 52 अंतरराष्ट्रीय मैचों में प्रतिस्पर्धा करेगी, जिसमें 10 टेस्ट, 21 वनडे और 21 टी20ई शामिल हैं। एसएलसी ने एक आधिकारिक बयान में कहा, श्रीलंका की राष्ट्रीय टीम अपने 2024 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैलेंडर की शुरूआत जनवरी में जिम्बाब्वे के खिलाफ एक घरेलू श्रृंखला के साथ करेगी, जिसमें तीन एकदिवसीय और तीन टी20 श्रृंखलाएं शामिल होंगी। इसके बाद जनवरी-फरवरी की अवधि के दौरान अफगानिस्तान के खिलाफ एक श्रृंखला होगी, जिसमें एक टेस्ट मैच, तीन वनडे और तीन टी20ई, मैच शामिल हैं। राष्ट्रीय टीम 2024 में वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में आइसीसी पुरुष टी20 विश्व कप में प्रतिस्पर्धा करने से पहले सभी प्रारूपों के दौरे के लिए बांग्लादेश की यात्रा करेगी। भारतीय टीम जुलाई में टी-20 विश्व कप के बाद श्रींलका दौरे पर जाएगी। इसके बाद राष्ट्रीय टीम वर्ष के मध्य में इंग्लैंड में तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला खेलेगी, जबकि 2024 सीजन दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के दौरे के साथ समाप्त होगा।

## न्यूजीलैंड के पहली पारी में आठ विकेट पर 266 रन

**सिलहट।** बंग्लादेश बनाम न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में आज दूसरे दिन शोरफुल इस्लाम 13 रन और ताइजुल इस्लाम आठ रन बल्लेबाजी करने उतरे, लेकिन साउदी ने मैच की पहली ही गेंद पर शोरफुल को पगबाधा कर बंग्लादेश को कल के ही 310 के स्कोर पर समेट दिया। इसके बाद न्यूजीलैंड टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज टॉम लेथम 21 रन और डेवन कॉन्वे 12 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद केन विलियमसन ने टीम की पारी को संभाला और शतक जड़ा। विलियमसन ने 205 गेंदों पर 104 रनों की पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 11 चौके लगाये। हालांकि दूसरे छोर से बल्लेबाज लगातार आउट होते गये।

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) ने सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए इस बात की घोषणा कर दी है कि राहुल द्रविड़ ही टीम इंडिया के कोच रहेंगे। बीसीसीआइ ने उनका कार्यकाल बढ़ा दिया है। वहीं, कोचिंग स्टाफ में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। इसका मतलब है कि द्रविड़ मुख्य कोच रहेंगे। विक्रम राठौर बल्लेबाजी कोच, पारस म्हाम्ब्रे गेंदबाजी और टी दिलीप फील्डिंग कोच के पद पर बने रहेंगे। बीसीसीआइ ने विज्ञप्ति जारी कहा कि हाल ही में संपन्न विश्व कप के बाद अनुबंध की अवधि समाप्त होने के बाद बीसीसीआइ ने राहुल द्रविड़ के साथ सार्थक चर्चा की और सर्वसम्मति से कार्यकाल को आगे बढ़ाने पर सहमति व्यक्त की। बोर्ड भारतीय टीम को तैयार करने में द्रविड़ की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार करता है और उनकी असाधारण व्यावसायिकता की सराहना करता है। बोर्ड एनसीए के प्रमुख और स्टैंड-इन हेड कोच के रूप में उनकी अनुकरणीय भूमिकाओं के लिए वीवीएस लक्ष्मण की भी सराहना करता है। अपनी प्रसिद्ध ऑन-फील्ड साझेदारियों की तरह द्रविड़ और लक्ष्मण ने भारतीय क्रिकेट को आगे बढ़ाने में मिलकर काम किया है।

### रोजर बिन्नी ने कहा- यह आपसी सम्मान की बात

द्रविड़ का कार्यकाल बढ़ाए जाने पर बीसीसीआइ के अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने कहा, राहुल द्रविड़ की दूरदर्शिता, व्यावसायिकता और दृढ़ प्रयास टीम इंडिया की सफलता में महत्वपूर्ण स्तंभ रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में आप हमेशा अत्यधिक जांच के दायरे में रहते हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने मुख्य कोच बने रहने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। यह आपसी सम्मान की बात है। मुझे इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनके नेतृत्व में टीम सफलता के शिखर तक पहुंचेगी।



### कॉन्ट्रैक्ट एक्सटेंड करने पर बोले द्रविड़

**नयी दिल्ली।** राहुल द्रविड़ ने कहा, 'टीम इंडिया के साथ पिछले दो साल पूरी तरह से यादगार रहे हैं। हमने साथ में उतार-चढ़ाव देखे हैं, और इस पूरी यात्रा के दौरान, समूह के भीतर समर्थन और सौहार्द अभूतपूर्व रहा है। हमने ड्रेसिंग रूम में जो माहौल बनाया, उस पर मुझे वास्तव में गर्व है। हमारी टीम के पास जो कौशल और प्रतिभा है वह अभूतपूर्व है, और हमने जिस पर जोर दिया है वह सही प्रक्रिया का पालन करना और हमारी तैयारियों पर टिके रहना है, जिसका ओवरऑल रिजल्ट पर सीधा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा, मैं बीसीसीआई और पदाधिकारियों को मुझ पर भरोसा रखने, मेरे दृष्टिकोण का समर्थन करने और इस अवधि के दौरान समर्थन प्रदान करने के लिए धन्यवाद देता हूं। इस भूमिका की मांग के लिए घर से दूर काफी समय की आवश्यकता होती है, और मैं अपने परिवार के बलिदान और समर्थन की गहराई से सराहना करता हूं। पर्दे के पीछे उनकी वाद्य भूमिका अमूल्य रही है। जैसा कि हम विश्व कप के बाद नई चुनौतियों को स्वीकार करते हैं, हम उत्कृष्टता की खोज के लिए प्रतिबद्ध रहते हैं।

### जय शाह ने की द्रविड़ की तारीफ

बीसीसीआइ के सचिव जय शाह ने कहा, मैंने उनकी नियुक्ति के समय उल्लेख किया था कि मुख्य कोच की भूमिका संभालने के लिए राहुल द्रविड़ से बेहतर कोई व्यक्ति नहीं है और उन्होंने अपने प्रदर्शन से खुद को फिर से साबित कर दिया है। टीम इंडिया अब सभी प्रारूपों में एक मजबूत इकाई है। तीनों प्रारूपों में हमारी शीर्ष रैंकिंग सीधे उनके दृष्टिकोण, मार्गदर्शन और टीम के लिए उनके द्वारा तैयार किए गए रोडमैप को दशार्ती है। टीम के विकास के लिए सही मंच तैयार करने के लिए मुख्य कोच सराहना के पात्र हैं। मुख्य कोच को हमारा पूरा समर्थन प्राप्त है और हम उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर निरंतर सफलता के लिए आवश्यक सभी सहायता प्रदान करेंगे।

## चीया हाओ ने श्रीकांत को दी मात

एजेंसी

**लखनऊ।** अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो की सातवीं वरीय दिग्गज भारतीय जोड़ी ने श्रीकांत सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप एचएसबीसी वर्ल्ड टुअर सुपर 300 के दूसरे दिन भारतीय उम्मीदों को कायम रखते हुए महिला डबल्स के अंतिम 16 में जगह बना ली। वहीं चीन के चीया हाओ ने भारत श्रीकांत को सीधे टक्कर में मात दे दी। महिला सिंगल्स में पिछली उप विजेता मालविका भनसोड का सफर भी हार से खत्म हो गया। टूनार्मेंट में दो बार के पूर्व विजेता भारत के समीर वर्मा भी हार के साथ बाहर हो गए। महिला डबल्स में अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रेस्टो ने क्वालीफायर से मुख्य ड्रा में पहुंची समृद्धि सिंह व सोनाली सिंह की जोड़ी को 21-8, 21-9 से हराया। महिला सिंगल्स के पहले दौर में भारत की युवा स्टार 16 साल की उन्नति हुड्डा ने 77 मिनट तक चले मैच में उलटफेर करते हुए हमवतन आकर्षी कश्यप को 15-21, 21-19, 21-18 से हराया। अब उन्नति की दूसरे दौर में नोजोमी ओकुहारा से टक्कर होगी। पुरुष सिंगल्स के पहले दौर में चीनी ताइपे के चिया हाओ ली ने भारत के के. श्रीकांत को 23-21, 21-8 से हराकर उलटफेर किया जबकि चीनी ताइपे



के वांग जू वेई ने समीर वर्मा को 21-9, 7-21, 21-17 से हराया। महिला सिंगल्स के पहले दौर में पूर्व विश्व नंबर वन जापान की नोजोमी आकोहुरा ने पिछली उपविजेता मालविका भनसोड को तीन गेम तक चले मुकाबले में 18-21, 21-17, 21-10 से हराया। ओलंपियन कांस्य पदक विजेता व पूर्व वर्ल्ड चैंपियन नोजोमी के खिलाफ मालविका ने पहला गेम 21-18 से जीता। दूसरा गेम नोजोमी आकोहुरा ने 21-17 से जीत लिया। तीसरे गेम में नोजोमी आकोहुरा के आगे मालविका की एक न चली। नोजोमी ने तेज सर्विस के सहारे 21-10 से ये गेम और मैच अपने नाम कर लिया। पुरुष सिंगल्स के पहले दौर में ही भारत के किरन जार्ज ने हमवतन चिराग सेन को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 15-21, 21-19, 21-18 से हराया। दूसरी ओर चीनी ताइपे के वांग जू वेई ने दो बार के पूर्व विजेता भारत के समीर वर्मा को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-9, 7-21, 21-17 से हराया। वांग ने पहला गेम शुरूआती दिक्कत के बावजूद एकतरफा अपने नाम किया।

### मलेशिया के राय किंग व वैलेरी शा की जोड़ी ने भारत की शिवम पूर्विशा की जोड़ी को हराया

मिक्स डबल्स के पहले दौर में मलेशिया के रॉय किंग याप व वैलेरी शा ने भारत के शिवम शर्मा व पूर्विशा एस.राम को 21-13, 21-10 से हराया। महिला सिंगल्स में अनुपमा ने डेनमार्क की अमाली शुल्ज को 14-21 21-15 21-9 से और अस्मिता चालिहा ने यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा को 21-15 21-15 से हराया। पुरुष सिंगल्स में ओरलियांस मास्टर्स विजेता प्रियांशु ने कजाखस्तान के दिमित्रि पनारिन को 21-17 21-19 से हराया।

## हरभजन सहित तीन क्रिकेटरों ने की मां वैष्णो देवी के दर्शन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** जम्मू में लीजेंड्स लीग टी-20 क्रिकेट खेलने पहुंचे सुरेश रैना, हरभजन सिंह और एस. श्रीसंथ सहित कई पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटरों ने रियासी जिले में त्रिकुटा पहाड़ियों पर स्थित माता वैष्णो देवी के दर्शन किए तथा पूजा-अर्चना की. गौतम गंभीर, मोहम्मद कैफ, इरफान पठान, शेन वॉटसन, एरन फिंच, तिलकरत्ने दिलशान, क्रिस गेल, हाशिम अमला, मोर्ने मोर्कल सहित 100 से अधिक पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर लीजेंड्स टी20 लीग के दूसरे सीजन में भाग लेने के लिए जम्मू में हैं। अधिकारी ने बताया कि कटरा पहुंचने पर क्रिकेटरों के दल का कटरा स्पोर्ट्स क्लब की ओर से स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि इसके बाद खिलाड़ियों ने सांझीछत के लिए उड़ान भरी, जहां से वे गुफा मंदिर के लिए रवाना हुए. उन्होंने बताया कि मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद क्रिकेटरों ने भैरों बाबा मंदिर में प्रार्थना के लिए भैरों घाटी का दौरा किया तथा शाम में वे जम्मू लौट आए। हरभजन सिंह ने मंदिर के लिए रवाना होने से पहले कटरा में संवाददाताओं से कहा, मैं माता वैष्णो देवी का आशीर्वाद लेने के लिए यहां आया हूं। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे गुफा मंदिर में पूजा करने का अवसर मिला। जम्मू में खेलने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, भारत के पूर्व स्पिनर ने कहा, कई वर्षों बाद यहां मैच का आयोजन हो रहा है इसलिए लोग मैचों को लेकर उत्साहित हैं। हमें यहां खेलने में मजा आ रहा है। लीजेंड्स लीग टूनार्मेंट के कुल चार मुकाबले जम्मू में खेले जा रहे हैं। पहला मैच सोमवार को खेला जा चुका है।



## दीदी नीलम आनंद स्मृति फुटबॉल टूनार्मेंट का दूसरा दिन



**रांची।** युवा पावर फुटबॉल क्लब गुरगांई के देखरेख में तीन दिवसीय मैच का दूसरा दिन ग्रुप इ का ब्राण्ड जंगल ओरमांझी बनाम फुटबॉल क्लब चुप्तू के बीच खेला गया। जिसमें ब्रांड जंगल ओरमांझी 1-0 से विजय हुई। मैच के पूर्व मुख्य अतिथि रामधन बेदिया पूर्व प्रत्यासी आजसू खिजरी विधानसभा उद्घाटनकर्ता पारस नाथ उरांव विशिष्ट अतिथि रोशनलाल मुण्डा जिला प्रवक्ता आजसू जिला परिषद पूर्वी ओरमांझी सरिता देवी प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो छात्र जिला अध्यक्ष राज किशोर महतो प्रकाश लकड़ा खिलेश्वर महतो आनंद महतो अमर कुमार संतोष प्रजापति संयुक्त रुप से मैच का उद्घाटन किये। पहला सेमीफाइनल मैच भूमित 11 बेलवा टोली बनाम डायमंड क्लब एवं दूसरा सेमीफाइनल ब्रांड जंगल ओरमांझी बनाम 22 गुडू के बीच खेला गया। दोनों मैच के विजेताओं के बीच फाइनल मैच खेला गया। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मैच में सुमित कुमार एवं दूसरा मैच में प्रकाश कुमार को प्लेयर ऑफ द मैच देकर सम्मानित किया।

## अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 में खेलते नजर आएंगे श्रीसंत और स्टुअर्ट बिन्नी

**ह्यूस्टन।** भारत के पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत और हरफनमौला स्टुअर्ट बिन्नी अमेरिका में 19 से 31 दिसंबर तक होने वाले अमेरिकी प्रीमियर लीग टी20 क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे सत्र में खेलेंगे। श्रीसंत और बिन्नी दोनों भारत में सक्रिया क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं और विदेश में फ्रेंचाइजी लीग खेल सकते हैं। सारे मैच टेक्सास के ह्यूस्टन में मूसा क्रिकेट स्टेडियम पर खेले जाएंगे और लीग को आइसीसी से मान्यता भी मिली हुई है। अमेरिकी क्रिकेट बोर्ड ने सात टीमों के लिए 40 विदेशी क्रिकेटरों से करार किया है। सात टीमें अमेरिकंस, इंडियंस, पाक्स, विंडीज, बंगालीस, आसीज और इंग्लिश हैं। श्रीसंत और बिन्नी इंडियंस टीम का हिस्सा हैं। श्रीसंत ने कहा, प्रीमियम इंडियंस का हिस्सा होना गर्व की बात है। मैंने भारत के बाहर अधिक फ्रेंचाइजी लीग नहीं खेली है और मैं इसे लेकर काफी रोमांचित हूं।'

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप: थापा और पंघाल क्वार्टरफाइनल में पहुंचे

**शिलांग।** एशियाई चैंपियनशिप के छह बार के पदक विजेता शिवा थापा (63 .5 किग्रा) और विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता अमित पंघाल (51 किग्रा) ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए बुधवार को यहां पुरुष राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। पिछले चरण में स्वर्ण पदक जीतने वाले असम के मुक्केबाज थापा ने संतोष एचके पर 5-0 से जीत दर्ज की और अब क्वार्टरफाइनल में वह दिल्ली के शशांक प्रधान से भिड़ेंगे। सेना खेल नियंत्रण बोर्ड (एसएससीबी) का प्रतिनिधित्व कर रहे पंघाल ने पंजाब के जेशनदीप सिंह को 4-1 से पराजित किया जिससे अब क्वार्टरफाइनल में उनका सामना जम्मू कश्मीर के मोहम्मद आरिफ से होगा। वहीं 2021 एशियाई चैंपियन संजीत ने 92 किग्रा वजन वर्ग में चंडीगढ़ के सावन गिल को 5-0 से मात दी। एसएससीबी के संजीत की भिड़ंत अब क्वार्टरफाइनल में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) के नमन तवंर से होगी। तोक्यो ओलंपियन आशीष कुमार (80 किग्रा) ने चंडीगढ़ के नीतिश कुमार के खिलाफ आक्रामक प्रदर्शन दिखाते हुए पहले दौर में नॉकआउट जीत हासिल की। अब अंतिम चार में उनका सामना एसएससीबी के लक्ष्य से होगा। चैंपियनशिप में 13 वजन वर्गों में 350 मुक्केबाजी हिस्सा ले रहे हैं।


## 9.4 ओवर, 0 रन और 8 विकेट, क्रिकेट की दुनिया में 10 साल के खिलाड़ी ने मचाई सनसनी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** क्रिकेट की दुनिया में कई ऐसे रिकॉर्ड हैं जिसे जानकर हैरानी होती है कि यह कैसे संभव है। ऐसे रिकॉड्र्स की लिस्ट में गेंदबाजी का भी एक और रिकॉर्ड शामिल हो गया है। श्रीलंकाई खिलाड़ी ने 9.4 ओवर में बिना कोई रन दिए 8 विकेट झटक लिए। इससे भी हैरानी वाली बात यह कि खिलाड़ी की उम्र महज 10 साल की है।

### सेलवालकरन ऋषियुद्धन ने किया बड़ा कारनामा

श्रीलंका के 10 साल के सेलवालकरन ऋषियुद्धन ने यह कारनामा किया। अंडर13 के दूसरे डिविजन के मुकाबले में उन्होंने यह कारनामा किया और अपनी टीम को जीत दिलाई। इस प्रदर्शन के बाद वह पूरी दुनिया में छा गए हैं।




सेलवालकरन हिंदु कॉलेज कोलंबो की ओर से खेल रहे थे। उनके सामना एमडीएच जयवर्धने नाम का स्कूल था। सेलवालकरन ने 9.4 ओवर का स्पेल डाला। उन्होंने इस स्पैल में एक भी रन नहीं दिया। 9 ओवर मेडन रहे। इसके साथ ही उन्होंने 8 बल्लेबाजों को अपना शिकार बनाया। विरोधी टीम 28 रन पर ही ऑलआउट हो गई।

## झारखंड में अंडर 14 क्रिकेट में भी है गेंदबाज मो शमी

**अलग- अलग मैच में संकल्प, रौनक और आकिब अली ने लिया है पांच- पांच विकेट**

**रांची।** अभी हाल में वर्ल्ड कप में भारत ऑस्ट्रेलिया से फाइनल मैच हार गया हो, लेकिन भारतीय टीम के सभी खिलाड़ी ने एक- एक कीर्तिमान स्थापित किया है। उनमें से भारतीय टीम में बॉलर मो शमी की गेंदबाजी का पूरा वर्ल्ड कायल हो गया। मो शमी ने दो- दो मैच में पांच विकेट और सात विकेट लेकर अपना जलवा बिखेर दिया है। मो शमी की घातक गेंदबाजी देखने के बाद झारखंड के तीन बच्चे जिनकी उम्र 14 साल से कम है, उन्होंने एक- एक मैच में पांच- पांच विकेट लेने के बाद चर्चा में आ गया है। गेंदबाज संकल्प, रौनक और आकिब अली की चर्चा खूब हो रही है। राजधानी रांची में वेंचर स्किल अंडर-14 क्रिकेट टूनार्मेंट पीटी ग्राउंड में किया जा रहा है। इनमें राजधानी के विभिन्न क्लब के द्वारा मैच खेला जा रहा है। इन्हीं



आकिब अली।



रौनक।



संकल्प।

मैचों में बूटी सीसीए क्लब में क्रिकेट सीख रहे संकल्प ने कल खेले गये मैच में पांच विकेट ले लिया। रौनक सैन्य कॉलोनी बूटी मोड़ में अपने माता पिता के साथ रहता है और लगभग दो साल से बूटी सीसी क्लब में कोच पंचित महतो से क्रिकेट का गुर सीख रहा है। वहीं, रौनक डीएवी पुनदाग क्लब में कोचिंग करता है। बुधवार को प्रभात तारा में चल रहे वेंचर स्किल अंडर- 14 में विजडम सीए बनाम बिरसा सीए के बीच हुई मुकाबले में विजडम सीए के गेंदबाज आकिब अली ने अपने प्रदर्शन से सबको चौंका दिया। विजडम सी.ए. 30 ओवर में 175/6 रन बनाया और बिरसा सीए को बल्लेबाजी का न्योता दिया। विजडम की ओर से आकिब अली ने 25 रन देकर पांच विकेट लिया और अपनी टीम को जीत दिलाई। आकिब के कोच तबरेज आलम ने आकिब अली के प्रदर्शन से खुश है और कहा कि आनेवाले दिनों में आकिब अलग ही पहचान छोड़ेगा।

## रांची विवि महिला फुटबॉल टीम ने अ भा अंतर प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया



**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की बालिकाओं ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए पात्रता हासिल की। पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता में बुधवार को संबलपुर में खेले गए पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के तहत रांची विश्वविद्यालय की टीम ने एड एडम्स विश्वविद्यालय कोलकाता को 3-0 से पराजित कर अखिल भारतीय प्रतियोगिता में अपनी पात्रता हासिल की रांची विश्वविद्यालय की टीम पहले हाफ तक एक गोल से आगे चल रही थी रांची विश्वविद्यालय की जीत में पहला गोल रोशनी वर्मा ने दागा वही दूसरा गोल अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी अष्टम उरांव ने दागकर टीम को मजबूती प्रदान किया जबकि तीसरा एवं अंतिम गोल अलीशा तिग्गा ने दागा रांची विश्वविद्यालय के इस जीत में प्रशिक्षक विजय वर्मा मैनेजर धीरज महतो और सपोर्टिंग स्टाफ के रूप में नारायण बिनाहां का विशेष योगदान रहा। रांची विश्वविद्यालय के इस उपलब्धि पर कुलपति डॉ अजीत कुमार सिंह, कुलसचिव डॉ मुकुंद मेहता, छात्र कल्याण संघ का अध्यक्ष डॉ सुदेश साहू, कोऑर्डिनेटर डॉ राजेश गुप्ता के अतिरिक्त खेल विभाग के और विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने टीम को इस सफलता पर बधाई दी है।

## आखिरी ओवर में दे दिये पांच वाइड रन फिर भी दिलायी टीम इंडिया को जीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत की महिला ए टीम ने बुधवार को तीन मैचों की श्रृंखला के पहले टी20 मैच में शानदार वापसी करते हुए इंग्लैंड महिला ए टीम पर तीन रन की रोमांचक जीत हासिल की। वानखेड़े स्टेडियम में जीत के लिए 135 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम उप कप्तान होली आर्मिटेज (52 रन) और विकेटकीपर बल्लेबाज सेरेन स्माले (31 रन) के बीच चौथे विकेट के लिए 70 रन की भागीदारी की बदौलत पूरी तरह से नियंत्रण में दिख रही थी लेकिन भारत ने वापसी करते हुए उसे लगातार झटके देकर करीबी जीत दर्ज की।

### आखिरी ओवर में ड्रामा

इंग्लैंड ने आठ विकेट पर 131 रन बनाये। काश्वी गौतम (23 रन देकर दो विकेट) ने 18वें ओवर में स्माले और इस्सी वोंग (02) को आउट कर भारत के लिए वापसी का दरवाजा खोल दिया। इससे अंतिम ओवर में इंग्लैंड को 13 रन की दरकार थी जिसमें श्रेयंका पाटिल (26 रन देकर दो विकेट) ने पहली ही गेंद पर पांच अतिरिक्त (वाइड) रन दे दिये लेकिन फिर भी भारत तीन रन से जीत दर्ज करने में सफल रहा।




श्रेयंका महिला आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की ओर से खेलती हैं जो कि विराट कोहली की भी टीम है।

### भारतीय ए टीम ने की कई गलतियां

भारतीय महिला ए टीम ने बड़ा स्कोर नहीं बनाया और मैदान पर भी काफी गलतियां कीं। आर्मिटेज ने जीवनदान का फायदा उठाते हुए मैच में सर्वाधिक 41 गेंद में 52 रन बनाये जिसमें तीन चौके और एक छक्का जड़ा था। आर्मिटेज और स्माले ने कई ताकतवर शॉट लगाये और विकेटों के बीच तेज भागकर भारतीय क्षेत्ररक्षकों को दबाव में रखा। पाटिल ने भारत ए को पहला विकेट दूसरे ओवर में ग्रेस स्क्रिवेंस (07) के रूप में दिलाया। मन्नत कश्यप (21 रन देकर एक विकेट) ने मैडी विलियर्स (20 रन) और प्रकाशिका नायक ने फ्रेया केम्प (एक रन) को आउट किया।

### दिशा कसात ने बनाए 25 रन

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरे भारत ने 20 ओवर में सात विकेट पर 134 रन बनाये। दिशा कसात ने 32 गेंद में तीन चौकों की मदद से 25 रन की पारी खेली। उनके अलावा वृंदा दिनेश और जी दिव्या ने 22-22 रन का योगदान दिया। धीमी पिच पर भारतीय टीम रन गति को बढ़ा नहीं सकी। इंग्लैंड की कपतान चार्ली डीन ने चार ओवर में 19 रन देकर दो विकेट झटके जबकि केम्प ने चार ओवर में 30 रन देकर दो विकेट प्राप्त किये। वोंग, लॉरेन फाइलर और कर्स्टी गोर्डन ने एक एक विकेट लिया।

स्पीड न्यूज

## भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंचायत समिति प्रशिक्षण वर्ग संपन्न



**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी चतरा जिला कार्यालय में लातेहार एवं चतरा जिला के सभी पंचायत समिति सदस्यों का प्रशिक्षण वर्ग दीप प्रज्वलन पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि करके वंदे मातरम् गान के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा व संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश गुप्ता ने की। प्रशिक्षण का प्रमुख विषय अपने-अपने पंचायत का संपूर्ण विकास भारत सरकार के द्वारा चलाए गए सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की चिंता सभी पंचायत प्रतिनिधियों को करनी चाहिए एवं जनता से जुड़े सभी मुद्दों को आंदोलन करके सरकारी पदाधिकारी के द्वारा उसको क्रियान्वयन करने का भी प्रयास करना है। प्रशिक्षण वर्ग में सामूहिक प्रयास के द्वारा जनता के सभी अधिकारों का रक्षा करते हुए उनके सभी योजनाओं को लाभ दिलाने का भी प्रयास करना है। बैठक में चतरा जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, लातेहार जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू,सुजीत जायसवाल, महामंत्री मृत्युंजय सिंह, शिवकुमार चौबे, किसान मोर्चा अध्यक्ष शुभम सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष राजेश पासवान, रामदेव भोक्ता, राकेश झा, सुबोध सिंह गुड्डू सहित सभी भाजपा के मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिला अध्यक्ष व चतरा जिला के पंचायत समिति सदस्य, प्रमुख, उपप्रमुख आदि शामिल हुए।

## डायट में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**कोडरमा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डायट कोडरमा में विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि कोडरमा के बीडीओ सुमन गुप्ता उपस्थित हुई एवं प्रतियोगिता का आरंभ दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं उन्होंने सामाजिक विज्ञान एवं विज्ञान प्रदर्शनी की महत्ता को बच्चों के बीच रखा। उन्होंने बच्चों के पठन-पाठन के आरंभिक काल को बहुत ही महत्वपूर्ण बताया। इसी समय बच्चों में बुद्धि और मानसिक अभिव्यक्ति अत्यधिक जोर पर रहती है। विज्ञान के महत्व एवं सामाजिक विज्ञान की प्रासंगिकता पर बच्चों के समक्ष मुख्य बातों को बताया। उन्होंने बच्चों को बाल वैज्ञानिक के रूप में संबोधित किया जो आगे जाकर एक वैज्ञानिक के रूप में उभर कर समाज के सामने आएंगे। वहीं प्राचार्य विकेश कुणाल प्रजापति के द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। वहीं उन्होंने बच्चों को उत्साह र्वान करते हुए वैज्ञानिक सोच को और आगे बढ़ने की बातों को रखा। डायट के प्रभारी प्राचार्य विजय कुमार एवं संकाय सदस्य अजीत कुमार आजाद ने सफलता पूर्व मंच का संचालन किया। प्रदर्शनी में जिले के 6 प्रखंडों से लगभग 125 मॉडल प्रस्तुत किए गए, जिसमें से विज्ञान के 85 मॉडल एवं सामाजिक विज्ञान के 40 मॉडल प्रदर्शित हुई। प्रदर्शनी में विज्ञान प्रदर्शनी के लिए दो केटेगरी कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 रखा गया। साथ ही सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी हेतु भी दो केटेगरी कक्षा 6 से 8 एवं कक्षा 9 से 12 रखा गया। वहीं विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान प्रदर्शनी के सफल संचालन हेतु डायट के संकाय सदस्य राजेंद्र कुमार एवं राजेश कुमार द्वारा प्रशंसनीय योगदान रहा। अंत में डायट के संकाय सदस्य अजीत कुमार, आजाद धन्यवाद, ज्ञापन के साथ प्रदर्शनी को समाप्त करने की घोषणा की।

## पूर्व जिप अध्यक्ष ने किया प्रोडक्शन हाउस सह स्टुडियो का उद्घाटन



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** फिल्मों के बाद म्युजिक विडियो का क्रेज अब मुबंई की मायनगरी से छोटे शहरों में दिखने लगा है। गांाी स्कूल रोड नंबर 3 में बुावार को पोडक्शन हाउस सह स्टुडियों का उद्घघाटन हुआ। वहीं पूर्व जिप अयक्ष शालिनी गुप्ता ने मोहन ऋषिकेश प्रोडक्शन सह स्टुडियों का विाािवत फीता काटकर उद्घघाटन किया। वहीं मैनेजिंग डायरेक्टर एंड प्रोडुसर मोहन कुमार साव ने बताया कि इस स्टुडियों के खुल जाने से स्थानीय कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने में मदद मिलेगी। वहीं उन्होंने बताया कि यहां म्युजिक विडियों के शुटिंग से लेकर रिकार्डिंग की सारी सुविाा मुहैया है। कई लोग इंटरनेट मीडिया पर विभिन्न मायमों से अपने अभिनय कला को प्रदर्शित करते है, लेकिन अब उन्हे सही मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि पैसे के अभाव में किसी कलाकार की प्रतिभा बेकार नहीं जाएगी, प्रतिभा के अनुसार कलाकारों को हर संभव सहयोग भी किया जाएगा। वहीं शालिनी गुप्ता ने कहा कि गायन और नृत्य के क्षेत्र में कई कलाकार जिले में है, जिन्हे सही प्लेटफार्म नहीं मिल पाता है। कालाकारों को सही मंच नहीं मिलने से जिले में सांस्कृतिक गतिविायां भी शून्य हो रही थी, लेकिन अब इस स्टुडियों के जरिए प्रतिभा को पहचान मिलेगी। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में स्टार गायक सुजीत सिंह, उपेंद्र, बिहार के स्टार भोजपुरिया गायक सौरभ शुभम, गायक दिलीप वर्मा, महेंद्र कामेडी, गायक हरिओम साव, एक्टर रंजीत रायल, राकेश देवगन, अनन्त मेहता, डांसर सिंटू रोमियों, विश्वनाथ मेहता आदि मौजूद थे।

# स्कूलों का नया टाइम टेबल, केके पाठक के 'कड़क ऑर्डर' से शिक्षकों में हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विद्यालयों के लिए नया टाइम टेबल तैयार किया है, जो एक दिसंबर से लागू होगा। इसमें टाइमिंग से लेकर पहली क्लास कितने बजे लगेगी इसकी भी जानकारी दी गई है। इसके साथ ही यह भी बताया गया है कि शिक्षकों को किस तरह के अनुशासन का पालन करना होगा। शिक्षा विभाग के आदेश के अनुसार, अब स्कूलों की टाइमिंग सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक होगी और मीडिया तथा संघ बनाने को लेकर भी गाइडलाइन दी गई है। इन आदेशों का पालन नहीं करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। बिहार के शिक्षा विभाग ने अपने आदेश में प्रदेश के स्कूलों के लिए नया टाइम टेबल जारी किया है। इसके तहत अब अब सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रदेश के स्कूल खुले रहेंगे और सभी शिक्षकों को शाम 5 बजे तक स्कूलों में ड्यूटी होगी। इस टाइम टेबल के अनुसार, 3.30 बजे से मिशन दक्ष के तहत विशेष कक्षा का संचालन होगा और शाम 4.15 से 5 बजे तक शिक्षक छात्रों का होम वर्क चेक करेंगे। यह नया टाइम टेबल मिशन दक्ष कार्यक्रम को लेकर 1 दिसंबर से लागू हो जाएगा। लेशन प्लान के साथ मिशन दक्ष के बच्चों का प्रोफाइल भी बनाया जाएगा। आदेश में कहा गया है कि टाइम टेबल का पालन नहीं करने पर शिक्षा विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के अवर मुख्य सचिव केके पाठक के आदेश के अनुसार, शिक्षक नेताओं को भी कड़ी चेतावनी देते हुए अब मीडिया, सोशल मीडिया और अखबारों में बयान देने पर रोक लगा दी गई है। मीडिया में किसी प्रकार के विचार प्रकट करने की भी मनाही हो गई है। शिक्षा विभाग ने साफ कहा है कि किसी शिक्षक संघ को मान्यता नहीं दी गई है इसलिए शिक्षकों और कर्मियों को संघ के सदस्य बनने की भी मनाही की गई है। आदेश के अनुसार, शिक्षकों और कर्मियों के द्वारा संघ बनाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। विभाग इसे गंभीर कदाचार मानेगा और कठोर कार्रवाई करेगा। इसके साथ ही किसी प्रकार के प्रदर्शन और हड़ताल करने पर भी रोक लगा दी गई है। इसको लेकर सभी डीईओ को केके पाठक ने आदेश जारी कर दिया है और कहा है कि बयान देने, संघ बनाने, सदस्यता ग्रहण करने और प्रदर्शन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

## राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के सफल आयोजन को डीआईजी ने की बैठक

**दुमका।** जिला शतरंज संघ की बुधवार को इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता संथाल परगना प्रमंडल के डीआईजी एवं जिला शतरंज संघ के संरक्षक सुदर्शन प्रसाद मंडल ने की। बैठक राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता के सफल संचालन को लेकर आहूत थी। बैठक में खिलाड़ियों के आवासन , भोजन एवं सफल संचालन के लिए महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। अध्यक्षता करते हुए डीआईजी श्री मंडल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का आना शुरू हो गया है। तमिलनाडु एवं केरल के खिलाड़ी दुमका आ चुके हैं। ग्रैंड मास्टर एवं इंटरनेशन मास्टर खिलाड़ी लगातार संपर्क कर रहे हैं और ऐसे अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों के आने से नही सिर्फ खेल आयोजन वृहत होगा, बल्कि प्रदेश के खिलाड़ियों को सीखने और अपनी रेटिंग सुधारने का अवसर मिलेगा। 8 लाख पंद्रह हजार के इनामी राशि वाली यह प्रतियोगिता झारखंड और बिहार में सामूहिक रूप से अबतक का सबसे बड़ा आयोजन होगा। वहीं जिला शतरंज संघ के अध्यक्ष उमाशंकर चौबे ने सभी संचालन समूह से सजग होकर समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया। इस अवसर पर डीएसपी विजय कुमार, अमिता रक्षित, संघ सचिव घनश्याम प्रसाद साह, मिट्ठू पांडे, अनुराग नंदन, दीपक कुमार साह, शिवहरि शिवांश एवं अन्य उपस्थित थे।

व्यवहार न्यायालय में खुला हाईकोर्ट का वर्चुअल प्लेटफार्म, ऑनलाइन ई-सेवा केंद्र का उद्घाटन

# अब अपील के लिए अधिवक्ताओं को रांची जाने से मिलेगी मुक्ति : जिला जज



वर्चुअल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन करते हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एवं उपस्थित जिला जज व अधिवक्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** लंबे समय तक चला अधिवक्ताओं का आंदोलन अब रंग लाया। झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संजय कुमार मिश्रा ने बुधवार की शाम व्यवहार न्यायालय में हाईकोर्ट वर्चुअल प्लेटफार्म का आनलाइन उदघाटन किया। इसके साथ ही अब अधिवक्ताओं को किसी भी केस की अपील के लिए रांची जाने की जरूरत नहीं होगी। सब कुछ ई सेवा केंद्र के माध्यम से अब होगा।

जिला जज अनिल कुमार की अगुवाई में एसपी पीतांबर सिंह खेरवार समेत न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में मुख्य न्यायाधीश ने आनलाइन उद्घाटन किया।उद्घघाटन विधिवत पुरोहित से पूजा-अर्चना करा नारियल फोड़ किया गया। सभी ने न्यायाधीश के इस प्रयास की सराहना की। कहा कि दुमका के अलावा, पाकुड़ और पलामू में एक साथ ई-वर्चुअल प्लेटफार्म का उदघाटन किया गया है। इसकी सफलता के लिए सभी का साथ जरूरी है। इस अवसर पर प्रधान जिला जज ने कहा कि अभी केवल दुमका के मामलों की सुनवाई होगी। अधिवक्ता जैसे ही अपील दायर करेंगे, उनकी ओर से तत्काल हाईकोर्ट भेज दिया जाएगा। जिन अधिवक्ताओं ने अभी तक हाईकोर्ट में नाम दर्ज नहीं कराया है, तो वे अपनी सुविधा के अनुसार करा लें। इससे उनका ही फायदा होगा। उन्होंने अधिवक्ताओं से कहा कि जिस चीज का लंबे समय से इंतजार था, उसे अब पूरा कर दिया गया है। अब अधिवक्ताओं को काम करना है। अगर हम सफल रहते हैं, तो आने वाले समय में अन्य संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। हाईकोर्ट के मार्गदर्शन में ही आगे का काम होगा। मौके पर फैमिली जज संजय कुमार सिंह, डीजे वन रमेश चंद्रा, डीजे टू राकेश मिश्रा, डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद, डीजे फोर धीरेंद्र सिंह, जेएम वन विजय कुमार यादव, डालसा सचिव विश्वनाथ भगत, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विजय कुमार सिंह, सचिव राकेश यादव, बार कौसिंल के सदस्य गोपेश्वर झा, उपेंद्र बिहारी लाल, शंकर बसईवाला, राघवेंद्र नाथ पांडेय, शोमा गुप्ता, विक्रमादित्य पांडेय, कुमार प्रभात, प्रतीक झा, निशिकांत प्रसाद, मनोज घोष, राजा खान, शानू व नेहा पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में भाजपा विधायक रंधीर सिंह की कोर्ट में हुई पेशी

घंटो बैठने व गवाही नहीं गुजरने से विधायक खिन्नाय

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भाजपा के सारठ विधायक रंधीर सिंह की कोर्ट में बुधवार को पेशी हुई। पेशी एमएलए-एमपी के विशेष अदालत डीजे थ्री लक्ष्मण प्रसाद के अदालत में हुई। विधायक की पेशी सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में हुई।

केस में आज गवाहों की गवाही होनी थी। मामला देवघर नगर 28 अक्टूबर 2021 को दर्ज हुई थी। मामले में विधायक रंधीर सिंह समेत बलदेव दास, सहिम खान, नागेश्वर सिंह, मणिकांत यादव,गोविंदा यादव,दिनेश मंडल, विपिन प्रसाद देव, अल्ताफ हुसैन, प्रेम भारती, अमरकांत पांडेय, बिंदु देवी, संजय दास एवं गोपाल यादव सभी 14 को आरोपी बनाया गया था। मामला दर्ज तत्कालीन सीओ, देवघर सिद्धार्थ शंकर चौधरी ने कराया था। लिखित आवेदन में समाहरणालय परिसर में सरकार के विरोध में धरना प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की, मारपीट एवं सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगा था। हालांकि गवाहों के अनुपस्थिति के कारण गवाही नहीं हो सकी। व्यवहार न्यायालय परिसर में होने वाले हाई कोर्ट के वर्चुअल प्लेटफार्म के उद्घाटन आदि कार्यों को लेकर और गवाहों के अनुपस्थिति के कारण घंटो विधायक को न्यायालय में इंतजार करना पड़ा। अगली तिथि 21 दिसंबर को निर्धारित है। अंत में गवाही नहीं गुजरने और घंटो इंतजार से खिन्नाय विधायक न्यायालय से बाहर निकलते फोटो खिंचने पर विफर पड़े। अपने गार्ड और सहयोगियों से जबरन मोबाईल छीनने और फोटो डिलीट करने की बात पर अड़े रहे। बाद में सहयोगी पत्रकारों के हस्तक्षेप करने पर निकल गए।



पेशी के बाद न्यायालय से बाहर निकलते विधायक रणधीर सिंह

## शिविर का आयोजन

**गोड्डा।** यहां आयोजित शिविर के दौरान मानिकपुर ग्राम निवासी संजय भगत के पुत्री मौसमी कुमारी को गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब जल्द ऋण मिलेगी। मौसमी के द्वारा शिविर में फॉर्म भरकर जमा किए जाने के बाद कैंप में ही ऑन-स्पॉट सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को पूर्ण कर लिया गया है। बैंक से जोड़कर उन्हें उच्च शिक्षा हेतु रियायती दर पर ऋण उपलब्ध हो सकेगा। छात्रा मौसमी कुमारी ने बताया कि आर्थिक कमियों के कारण उन्हें इंजीनियरिंग की पढ़ाई में समस्या हो रही थी। जमीन गिरवी रखने की नौबत थी, लेकिन गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से उन्हें पढ़ाई में आर्थिक मदद मिलेगी। उन्होंने सरकार एवं स्थानीय जिला प्रशासन को धन्यवाद करते हुए कहा कि सरकार द्वारा गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ मिलने से झारखंड राज्य के विद्यार्थियों को पढ़ाई में काफी मदद मिल रही है। छात्र-छात्राएं जो आर्थिक कमियों के कारण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाते हैं, उन्हें भी आर्थिक सहायता मिल रही है।

# मार-पीट कर महिला का शव तालाब में फेंका, हत्यारा गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुर गांगटी थाना क्षेत्र के किरण देवी उम्र 52 वर्ष पति पप्पू मंडल ग्राम – ग्राम कुमर डॉय थाना मेहरमा जिला गोड्डा के फर्द बयान के आधार पर शिकायत दर्ज कराई गई कि उनकी बेटी की मनीषा देवी की शादी 10–12, वर्ष पहले जितेंद्र मंडल ग्राम – माया राम कित्ता, थाना ठाकुर गंगटी जिला गोड्डा के साथ हुई थी और उसके दो पुत्र और एक पुत्री है। दामाद जितेंद्र मंडल कलकत्ता में काम करता है। पुत्री मनीषा का शव आज दिनांक 26/11/2023 को माया राम कित्ता के पोखर में मिला और उसके शरीर पर जख्म के कई निशान मिले।

देखने से प्रतीत होता है मेरी पुत्री को मार पीट कर तालाब में फेक दिया गया है।

इस संबंध में ठाकुर गंगटी थाना में कांड संख्या 64/23 दिनांक 26/11/23 को धारा। 302/201/34भादवी के तहत अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीणा ने एसडीपीओ महगामा शिव शंकर तिवारी के नेतृत्व में एक कमिटी का गठन कर इस मामले का जल्द से जल्द उद्वेदन करने और हत्यारों को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। जांच टीम ने कारवाई करते हुए मामले का उद्भेदन कर लिया और अभियोगियों की गिरफ्तारी की साथ उनके स्वीकारोक्ति बयान के साथ हत्या में प्रयुक्त लोहे की दलघटनी और मृतका के मोबाइल को भी तालाब से बरामद कराया। गिरफ्तार अभियोगियो में 1–छोटू कुमार उम्र 23वर्ष पिता भीम मंडल, साहेब राम बास्की, पिता सांझला बासकी, प्रियंका कुमारी उम्र 21 वर्ष पति छोटू कुमार तीनो ग्राम मायाराम कित्ता, थाना ठाकुर गंगटी जिला गोड्डा के निवासी हैं।

इनके द्वारा प्रयोग किए गए मोबाइल को भी तालाब से बरामद कर ली गई । इस जांच टीम में ठाकुर गंगटी थाना प्रभारी, बलबडा थाना प्रभारी, मेहरमा थाना प्रभारी ,बोआरी जोर थाना के साथ अन्य पुलिस के जवान शामिल थे और तकनीकी शाखा के पुलिस कर्मी ने भी अपना सहयोग दिया। इस मामले पर एसडीपीओ महगामा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी सूचना दी।

पेज 1 का शेष

## अब 2028 तक...

**81.35 करोड़ लोगों को पांच साल तक फ्री अनाज :** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने बुधवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में बताया कि यह एक ऐतिहासिक निर्णय है जो पीएमजीकेएवाई को दुनिया की सबसे बड़ी सामाजिक कल्याण योजनाओं में रखता है। इसका उद्देश्य पांच वर्ष की अवधि में 11.80 लाख करोड़ रुपए के प्रावधान से 81.35 करोड़ व्यक्तियों के लिए भोजन और पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना है। पीएमजीकेएवाइ के अंतर्गत निशुल्क खाद्यान्न (चावल, गेहूं और मोटा अनाज एवं बाजरा) खाद्य सुरक्षा को मजबूत करेगा और आबादी के गरीब और कमजोर वर्गों को मदद देगा। इस योजना को अगले 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। छत्तीसगढ़ में पीएम मोदी ने इसकी घोषणा की थी। देश में जितने चिह्नित परिवार हैं उन परवारों को प्रति माह पांच किलो खाद्यान मिलेगा। इससे 81 करोड़ परिवारों को लाभ मिलता है। इसी तरह से अंत्योदय के परिवारों को 35 किलो प्रति माह खाद्यान मुफ्त में मिलता रहेगा। कुल मिलाकर अगले पांच वर्षों में 11 लाख 80 हजार करोड़ रुपये भारत सरकार खर्च करेगी।

## राज्य के हर तबके...

श्री सोरेन बुधवार को कोलेबिरा में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के तीसरे चरण के कार्यक्रम में बोल रहे थे। सीएम ने विभिन्न योजनाओं लाभुकों से सीधा संवाद भी किया। सीएम ने कहा, सरकारी कर्मियों का काम जनता की सेवा करना है, क्योंकि इसी के लिए उन्हें तनख्वाह मिलती है। जो अधिकारी और कर्मचारी ईमानदारी एवं निष्ठा से अच्छा काम करेंगे उन्हें सरकार पुरस्कृत करेगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 155 करोड़ 78 लाख 19 हजार 440 रुपए की लागत वाली 1453 योजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास, 40321 लाभुकों के बीच 31 करोड़ 17 लाख 62 हजार 385 रुपये की बांटी परिसंपत्ति। **वीरों की भूमि है झारखंड :** सीएम ने कहा कि झारखंड वीरों की धरती रही है। भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू नीलांबर-पीतांबर, तेलंगा खड़िया जैसे कई अमर वीर शहीदों ने अंग्रेजों और शोषण के खिलाफ संघर्ष करते हुये अपनी शहादत दी। वहीं, झारखंड अलग राज्य के लिए 40 वर्षों तक चले आंदोलन में सैकड़ो लोगों ने अपनी कुबार्नी दे दी। आज भी यहां के आदिवासी मूलवासी संघर्ष कर रहे हैं। हमारी सरकार इन वीर शहीदों का झारखंड बनने के साथ यहां के आदिवासियों- मूल वासियों, दलित, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को पूरे मान-सम्मान के साथ उनका हक और अधिकार दे रही है। **प्रचुर संसाधन है, फिर भी राज्य पीछे :** मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के बने 23 वर्ष हो चुके हैं, लेकिन, इसका अपेक्षित विकास नहीं हो सका। यहां तमाम खनिज पाये जाते हैं। प्राकृतिक संसाधनों की बहुलता है। जल, जंगल, जमीन से यह धनी है। यहां के लोग मेहनती हैं, फिर भी यह राज्य पिछड़ा है। रोजी-रोटी के लिए लोगों का पलायन होता आ रहा है। किसी का भी ध्यान इस ओर नहीं गया। जब से हमारी सरकार बनी है राज्य से जुड़ी प्रमुख समस्याओं का आकलन करते हुे उसी के अनुकूल योजना बनाकर धरातल पर उतार रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार अपने लोगों को सामाजिक सुरक्षा का कवच नहीं देगी। राज्य मजबूती से आगे नहीं बढ़ेगा। इसी सोच को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू किया है। इस स्कीम के तहत सभी बुजुर्गों, विधवाओं और दिव्यांगों का पेंशन सुनिश्चित किया जा रहा है। **राशन कार्डधारियों को अब दाल भी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के 11 लाख लोगों का राशन कार्ड पहले छीन लिया गया था। लेकिन, हमारी सरकार ने 20 लाख हरा राशनकार्ड जारी किया है और इन्हें बाजार भाव से अनाज खरीद कर दिया जा रहा है । अब हर राशन कार्डधारी को अनाज के साथ एक किलो दाल भी दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि गरीब और घर विहीन लोगों को तीन कमरों का सुसज्जित मकान दिया जायेगा। इसके लिए अबुआ आवास योजना शुरू की गयी है। अगले 3 सालों में 8 लाख मकान बनाये जायेंगे। गांव और शहरों के बीच निरंतर कनेक्टिविटी बनाए रखने के लिये मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना शुरू की गयी। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल, विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी, भूषण बाड़ा, भूषण तिर्की, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे और जिले के उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## ग्रामीण जनता के हितों को ध्यान...

**डिजिटल फ्रॉड गंभीर मुद्दा :** हाल के वर्षों में डिजिटल फ्रॉड की बढ़ रही घटना पर चिंता जताते हुए राज्य सरकार, आरबीआइ और सभी बैंक के कॉर्डिनेशन से ग्राहकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता जतायी गयी। वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि अब ग्रामीण क्षेत्रों के भोले भाले लोग भी शिकार होने लगे हैं। उन्होंने हाल ही में एक सेवानिवृत्त पुलिस पदाधिकारी के बैंक अकाउंट से 90 हजार की निकासी का उदाहरण देते हुए बैंकों से ऐसे फ्रॉड को रोकने के लिए कदम उठाने की सलाह दी। एसएलबीसी के महाप्रबंधक मनोज कुमार ने सभा को 2013-14 से 2023-24 तक वार्षिक ऋण योजना के योगदान से अवगत कराया। बताया कि वर्ष 2013-14 मे जहां बैंक वार्षिक 20,000 करोड़ के ऋण लक्ष्य को प्राप्त करते थे, वहीं आज चार गुणा से ज्यादा राशि 90,000 करोड़ वार्षिक ऋण योजना मे प्रवाह कर रहे हैं। उन्होंने मौजूदा वित्तीय वर्ष में ऋण-जमा अनुपात वृद्धि का जिक्र किया एवं राज्य के ऋण जमा अनुपात को वित्तीय वर्ष 2023-24 के अंत तक 50% के आंकड़े को पार करने में बैंकों के सहयोग की बात की। बैठक को सुनील कुमार जहांगीरदार, प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, सुब्रत कुमार तथा रोशन चौधरी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का समापन अनिल जगदीश जाधव के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ। बैठक में राज्य के प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह, समेत अबु बकर सिद्दीकी, विभिन्न विभागो के वरीय अधिकारी, सभी सदस्य बैंकों के राज्य प्रमुख, इंडस्ट्रीज एसोशिएशन के राज्य प्रतिनिधि सहित राज्य के सभी 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबन्धक उपस्थित थे।

## शीघ्र दिल्ली से उड़ान...

गांव के लोग अब अपनों का इंतजार कर रहे हैं। **श्रमिकों ने पीएम मोदी से आपबीती साझा की :** सुरक्षित बचाये गये 41 श्रमिकों में से एक श्रमिक ने पीएम मोदी को बताया कि अपना मनोबल बनाए रखने के लिए वे लोग योग करते थे और सुरंग में चहलकदमी करते थे। मंगलवार देर रात श्रमिकों से टेलीफोन पर बातचीत की और कहा, 'इतने दिन खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। यह मेरे लिए प्रसन्नता की बात है और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। पीएम ने कहा, आप लोगों ने बहुत साहस दिखाया और एक-दूसरे को हिम्मत बंधाते रहे। **धामी ने सौंपे 1-1 लाख के चेक, रैट माइनर्स को 50 हजार :** अस्पताल में भर्ती सभी श्रमिकों को मुख्यमंत्री धामी ने उत्तराखंड सरकार की ओर से एक-एक लाख रुपये का चेक सौंपा। इसके साथ ही रेस्क्यू ऑपरेशन को पूरा करने में मदद करने वाले रैट माइनिंग श्रमिकों को 50-50 हजार की धनराशि देने की घोषणा की।

## सीएए लागू होने से...

**भाजपा को चुनने का आग्रह किया :** श्री शाह ने कहा कि इतनी अधिक घुसपैठ वाले राज्य में विकास नहीं हो सकता। उन्होंने लोगों से राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने तथा अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनावों में राज्य में भाजपा का प्रदर्शन विधानसभा चुनावों में उसकी जीत की नींव तैयार करेगा। उन्होंने लोगों से कहा, 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को इतनी सीटें दें कि मोदी जी कहें कि मैं बंगाल के कारण प्रधानमंत्री बना हूं। **मुख्यमंत्री पद पर उनकी उल्टी गिनती शुरू :** बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के निलंबन को लेकर ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा कि वह अधिकारी को चुप कराने की कोशिश कर सकती हैं लेकिन राज्य के लोगों को वह चुप नहीं करा सकतीं। उन्होंने कई बार ममता बनर्जी को 'दीदी' के रूप में संदर्भित किया और कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री पद पर उनकी उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। शाह ने ममता बनर्जी को भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तार अपने कुछ नेताओं को पार्टी से निलंबित करने की चुनौती दी।

# मशीनों पर भारी पड़ा मानव श्रम

**रैट होल माइनिंग विशेषज्ञ हाथों से खुदाई कर 12 मीटर मलबे को हटाया : द गार्जियन**

## ग्लोबल मीडिया में छाया सिलक्यारा रेस्क्यू ऑपरेशन, 41 श्रमिकों के बचाव अभियान की सराहना



एजेंसी

**लंदन।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों को बचाने के एक अविश्वसनीय और जोखिमभरे सफल अभियान के बारे में विश्व मीडिया ने कहा कि मानव श्रम मशीनों पर भारी पड़ा है। सिलक्यारा सुरंग में लगभग 17 दिन तक फंसे रहे सभी 41 श्रमिकों को विभिन्न एजेंसियों के संयुक्त बचाव अभियान के तहत मंगलवार की शाम सकुशल बाहर निकाल लिया गया। समाचार पत्र द गार्जियन ने लिखा कि अंततः यह मशीनों पर मानव श्रम की जीत थी क्योंकि मशीनों के जरिये इस अभियान में सफलता नहीं मिलने पर रैट होल माइनिंग विशेषज्ञ हाथों से खुदाई करके 12 मीटर मलबे को हटाने में कामयाब रहे। ब्रिटिश समाचार पत्र ने एक विस्तृत खबर में कहा कि 400 घंटे से अधिक समय बाद सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग से श्रमिकों को स्ट्रेचर के जरिये निकाला गया और इस दौरान बचाव अभियान में कई बाधाएं आई लेकिन बचावकर्मियों ने हिम्मत नहीं हारी और सफलतापूर्वक इस अभियान को पूरा किया। ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) ने बचाव अभियान पर नियमित रूप से अद्यतन जानकारी दी। बीबीसी ने कहा कि सुरंग से पहले व्यक्ति के बाहर आने की खबर आते ही सुरंग के बाहर जश्न मनाया जाने लगा। एक जबरदस्त बचाव अभियान में कई बाधाओं को पार करते हुए उन्हें सुरंग से बाहर निकाला गया। लंदन के समाचार पत्र द टेलीग्राफ ने कहा कि सैन्य इंजीनियरों और खनिकों ने इस मिशन को पूरा करने के लिए मलबे में रैट होल ड्रिल किया। चारधाम यात्रा मार्ग पर निर्माणाधीन साढ़े चार किलोमीटर लंबी सिलक्यारा-बड़कोट सुरंग का एक हिस्सा 12 नवंबर को ढह जाने से उसमें 41 श्रमिक फंस गये थे और श्रमिकों को निकालने के लिए युद्धस्तर पर अभियान चलाया गया। मलबे के रास्ते छह इंच का पाइप डालकर उन्हें भोजन, दवाएं और अन्य आवश्यक चीजें भेजी गईं। फ्रांस 24 की खबर के अनुसार, रैट होल माइनिंग विशेषज्ञों ने चट्टानों, बजरी और धातु की बाधाओं को दूर करते हुए हाथों से खुदाई कर अभियान को सफल बनाने में मदद की। यूर्याक टाइम्स ने कहा कि अतिरिक्त मलबा गिरने से शुरूआती ड्रिलिंग प्रयासों में बाधा आई। 13वें दिन बचाव प्रयासों में उस समय बाधाओं का सामना करना पड़ा जब अमेरिकी ऑगर मशीन ड्रिलिंग के दौरान टूट गई। श्रमिकों ने इसे निकालने की कोशिश की और कुछ और विकल्पों पर विचार किया जिनमें एक योजना पहाड़ के ऊपरी हिस्से से लंबवत ड्रिलिंग शुरू करना था। बचाव अभियान को अंतिम घंटों में भी बाधाओं का सामना करना पड़ा था। मशीन के हिस्सों को हैदराबाद से प्लाज्मा कटर मंगाकर अलग किया गया और उसके बाद सोमवार को रैट होल माइनिंग तकनीक की मदद से हाथ से ड्रिलिंग शुरू की गई जिसके बाद मंगलवार को मलबे में पाइप को आरपार करने में सफलता मिल गई।

## मनोबल ऊंचा रखने के लिए किया योग

**सुरंग से निकले एक श्रमिक ने प्रधानमंत्री से साझा की आपबीती**

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग से मंगलवार रात सुरक्षित बचाए गए 41 श्रमिकों में से एक श्रमिक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताया कि अपना मनोबल बनाए रखने के लिए वे लोग योग करते थे और सुरंग में चहलकदमी करते थे। श्रमिकों ने बचाव अभियान के लिए प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और बचाव टीमों की सराहना की। इन श्रमिकों में से एक ने कहा कि जब सरकार विदेशों में फंसे भारतीयों को बचा सकती है तो वे तो देश के भीतर ही थे इसलिए उन्हें कोई चिंता नहीं थी। प्रधानमंत्री ने मंगलवार देर रात श्रमिकों से टेलीफोन पर बातचीत की और कहा कि इतने दिन खतरे में रहने के बाद सुरक्षित बाहर आने के लिए मैं आपको बधाई देता हूं। यह मेरे लिए प्रसन्नता की बात है और मैं इसे शब्दों में बयां नहीं कर सकता। अगर कुछ बुरा हो जाता तो पता नहीं, हम इसे कैसे बर्दाश्त करते। ईश्वर की कृपा है कि आप सब सुरक्षित हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने इस बातचीत का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें प्रधानमंत्री श्रमिकों से कहते दिख रहे हैं कि 17 दिन कोई कम वक्त नहीं होता। आप लोगों ने बहुत साहस दिखाया और एक-दूसरे को हिम्मत बंधाते रहे। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह अभियान की जानकारी लेते रहते थे और मुख्यमंत्री धामी के साथ लगातार संपर्क में थे।

## एक नजर में

### एवेनफील्ड मामले में नवाज शरीफ बरी



**इस्लामबाद।** इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को बरी कर दिया। शरीफ के खिलाफ भ्रष्टाचार के एक अन्य मामले में उन्हें दोषमुक्त किये जाने को चुनौती देने संबंधी अपील राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) ने वापस ले ली जिससे इस मामले में भी उन्हें बरी किये जाने संबंधी फैसले को बरकरार रखा गया। मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की दो सदस्यीय पीठ ने एवेनफील्ड भ्रष्टाचार मामले में शरीफ (73) की सजा के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील पर सुनवाई के बाद फैसले की घोषणा की। इस मामले में उन्हें 2018 में 10 साल जेल की सजा सुनाई गई थी। उसी वर्ष पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के प्रमुख को फ्लैगशिप भ्रष्टाचार मामले में एक निचली अदालत ने बरी कर दिया था लेकिन भ्रष्टाचार रोधी निगरानी संस्था एनएबी ने इस फैसले को इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

### अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति मुंगेर का निधन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के प्रमुख उद्योगपति और बर्कशायर हैथवे के उपाध्यक्ष चार्ल्स टी. मुंगेर का 99 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने मंगलवार रात कैलिफोर्निया के बारबरा सांता में अंतिम सांस ली। उनकी पहचान बर्कशायर हैथवे के संस्थापक वॉरेन ई. बफेट के प्रमुख साझेदार के रूप में होती है। अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार चार्ल्स टी. मुंगेर के निधन की घोषणा बर्कशायर हैथवे ने एक बयान में की। अखबार के मुताबिक इस कंपनी के लिए मुंगेर ने अपने कानून के करियर को छोड़कर रात-दिन एक कर दिया और न्यू इंग्लैंड टेक्सटाइल कंपनी को शानदार सफल निवेश फर्म बर्कशायर हैथवे में बदल दिया। उनका लॉस एंजिल्स में भी एक घर था। द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार बर्कशायर के उपाध्यक्ष और अरबपति मुंगर को बर्कशायर हैथवे के निवेश दृष्टिकोण का प्रवर्तक माना जाता है। कहा जाता है 50 से अधिक वर्षों तक चली इस साझेदारी ने इतिहास में सबसे सफल और सबसे बड़े समूह में से एक का निर्माण किया। फोर्ब्स के मुताबिक, चार्ली दुनिया के अमीरों की सूची में 182वें नंबर पर थे। उनकी नेटवर्थ 2.6 अरब डॉलर थी। 2022 तक इसमें लगभग 372,000 कर्मचारी थे।

### चीन : कोयला खदान में विस्फोट, 11 की मौत

बीजिंग। चीन के पूर्वोत्तर हिलोंगजियांग प्रांत में मंगलवार को कोयले की एक खदान में जबरदस्त विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गयी। चीन के सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने इसकी पुष्टि की है।
रिपोर्ट के अनुसार खदान में जबरदस्त धमाका हुआ, जिसमें लोगों की जान चली गयी। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, इस खदान का संचालन करने वाली शुयांगयाशान कोल कंपनी पर अतीत में कई सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने को लेकर जुमार्ना लगाया जा चुका है। सरकार समर्थित मीडिया कंपनी शांगयू न्यूज के अनुसार, इस साल भी उसपर दस बार जुमार्ना लगाया गया। चीन बार-बार होने वाले इन हादसों को रोकने के लिए खदान सुरक्षा में सुधार के लिए लगातार काम कर रहा है। अगस्त में चीन के शांक्सी प्रांत में एक अन्य कोयला खदान में विस्फोट में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। सितंबर में गुइझोउ प्रांत में कोयला खदान में आग लग जाने से 16 लोगों की जान चली गयी थी।

### बंगाल : सड़क हादसे में चार श्रमिकों की मौत

**बर्द्धमान।** पश्चिम बंगाल के हुगली जिले में बुधवार को निर्माण कार्य करने वाले श्रमिकों को ले जा रही वैन को एक ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसके कारण चार श्रमिकों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, यह हादसा गुराप थाना क्षेत्र के कांगसारी मोड़ पर सुबह उस वक्त हुआ जब चारों मजदूर काम पर जा रहे थे। ट्रक ने मजदूरों को ले जा रही वैन को टक्कर मार दी, जिससे मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें बर्द्धमान मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान जीवनदीप बौल दास (26), मंगलदीप बौल दास (32), विश्वजीत राय (35) और दिवाकर सिंह (22) के रूप में हुई है। ये सभी गुराप के सियापुर इलाके के रहने वाले थे।

### यूपी : सड़क हादसे में चार बारातियों की मौत

**मथुरा (उप्र)।** जिले के कोसीकलां क्षेत्र में दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बारातियों से भरे एक वाहन के रास्ते में खड़े ट्रक से जा टकराने से उस पर सवार चार लोगों की मौत हो गयी तथा इतने ही अन्य गम्भीर रूप से घायल हो गये। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) त्रिगुण बिसेन ने बुधवार को बताया कि हरियाणा के पलवल स्थित औरंगाबाद दिघोट गांव से मथुरा के छाता क्षेत्र स्थित उमराया गांव में मंगलवार रात बारात आयी थी। बारात में आये करीब 15 लोग रात लगभग 11 बजे एक टैम्पो ट्रैवलर गाड़ी में सवार होकर कोसीकलां के निकट से दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर लौट रहे थे। इसी बीच, उनका वाहन रास्ते में सड़क किनारे खड़े एक ट्रक में पीछे से जा टकराया।

### सूरत : रसायन फैक्टरी में आग से 24 श्रमिक घायल

**सूरत।** गुजरात के सूरत शहर में बुधवार को एक रसायन फैक्टरी में विस्फोट के बाद आग लग गई जिससे 24 श्रमिक घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सूरत के प्रभारी मुख्य दमकल अधिकारी बसंत पारेख ने कहा कि सचिन जीआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र में स्थित रसायन फैक्टरी में मंगलवार देर रात करीब दो बजे एक बड़े टैंक में रखे ज्वलनशील रसायन के रिसाव के कारण विस्फोट हो गया, जिसके बाद फैक्टरी में आग लग गई। उन्होंने बताया कि कम से कम 24 श्रमिक घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया है जहां उनका इलाज हो रहा है।

## दुनिया के सबसे अमीर शीर्ष 20 अरबपतियों की सूची में लौटे गौतम अडानी

**नयी दिल्ली।** अडानी समूह के शेयरों में तेजी के बाद गौतम अडानी दुनिया के शीर्ष 20 सबसे अमीर लोगों की सूची में वापस आ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स के अनुसार, अडानी अब 66.7 बिलियन डॉलर की संपत्ति के साथ दुनिया के 19वें सबसे अमीर व्यक्ति हैं। अडानी समूह के शेयरों में तेजी के बाद उनकी संपत्ति में 6 अरब डॉलर से अधिक का उछाल आया। अडानी समूह की अधिकांश कंपनियां बुधवार को हरे निशान में थीं। बोनान्जा पोर्टफोलियो के रिसर्च एनालिस्ट वैभव विदवानी ने कहा, ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि सुप्रीम कोर्ट ने अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर द्वारा किए गए स्टॉक हेरफेर और धोखाधड़ी के दावों पर समूह की जांच करने के अपने फैसले को रिजर्व कर लिया।

# सेंसेक्स में 727 अंकों की उछाल

## शेयर बाजार का मूल्यांकन पहली बार 4,000 अरब डॉलर पर पहुंचा

एजेंसी



मुंबई। एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में खरीदारी के साथ विदेशी कोषों की आवक जारी रहने से बुधवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स ने 727 अंकों की छलांग लगाई जबकि निफ्टी 20,000 अंक के ऊपर बंद हुआ। देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों का संयुक्त बाजार मूल्यांकन बुधवार को पहली बार 4,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया।

यह इक्विटी शेयरों के प्रति सकारात्मक रुझान को दर्शाता है। बीएसई पर सूचीबद्ध सभी कंपनियों के बाजार पूंजीकरण को 3,000 अरब डॉलर से 4,000 अरब डॉलर के स्तर तक पहुंचने में सिर्फ ढाई साल लगे। बाजार पूंजीकरण 24 मई, 2021 को पहली बार 3,000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। इससे पहले बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मूल्यांकन 28 मई, 2007 को 1,000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। इसके बाद छह जून, 2014 को यह 1,500 अरब डॉलर पर पहुंचा। इस तरह बाजार को 1,000 अरब डॉलर से 1,500 अरब डॉलर तक पहुंचने में करीब सात साल लगे। वहीं सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मूल्यांकन 10 जुलाई, 2017 को 2,000 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया।बीएसई का 30 शेयरों वाला सूचकांक सेंसेक्स 727.71 अंक यानी 1.10 प्रतिशत चढ़कर 66,901.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 772.08 अंक तक उछलकर 66,946.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 206.90 अंक यानी 1.04 प्रतिशत चढ़कर 20,096.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में एक्सिस बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, विप्रो, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, आईसीआईसीआई बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और भारती एयरटेल में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की गई। दूसरी ओर नेस्ले, टाइटन, बजाज फिनसर्व और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में गिरावट रही। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कंपोजिट, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग गिरावट के साथ बंद हुए।

## मणिपुर के यूएनएलएफ ने शांति समझौते पर किये हस्ताक्षर

**नयी दिल्ली।** मणिपुर के सबसे पुराने सशस्त्र संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) ने राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र और राज्य (मणिपुर) सरकार के साथ एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने इस घटनाक्रम को ऐतिहासिक, मील का पत्थर करार दिया है। शाह ने कहा कि एक ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया गया। पूर्वोत्तर में स्थायी शांति स्थापित करने के लिए नरेंद्र मोदी सरकार के अथक प्रयासों ने पूर्ति का एक नया अध्याय जोड़ा है, क्योंकि यूएनएलएफ ने नई दिल्ली में एक शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए। गृहमंत्री ने कि मणिपुर का सबसे पुराना घाटी स्थित सशस्त्र समूह यूएनएलएफ हिंसा छोड़ने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए सहमत हो गया है। मैं शांति के रास्ते पर उनकी यात्रा के लिए शुभकामनाएं देता हूं।

## शीतकालीन सत्र में सरकार ने सूचीबद्ध किये 18 विधेयक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने अगले सप्ताह शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र के लिए बुधवार को 18 विधेयक सूचीबद्ध किये, जिनमें महिला आरक्षण अधिनियम के प्रावधानों को जम्मू-कश्मीर और पुडुचेरी तक बढ़ाने संबंधी दो तथा आपराधिक कानूनों को बदलने के लिए तीन विधेयक शामिल हैं।

संसद का शीतकालीन सत्र चार दिसंबर से शुरू होकर 22 दिसंबर तक चलेगा। लोकसभा सचिवालय की ओर से जारी बुलेटिन के अनुसार, सरकार एक ऐसा विधेयक लाने की भी योजना बना रही है, जिसमें प्रवासी कश्मीरियों, पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर से विस्थापित व्यक्तियों तथा अनुसूचित जनजातियों को प्रतिनिधित्व प्रदान करने के लिए जम्मू और कश्मीर विधानसभा में सीट की संख्या 107 से बढ़ाकर 114 किये के प्रावधान हों। सरकार ने सत्र के दौरान विधेयकों के अलावा 2023-24 के लिए अनुदान की अनुपूरक मांगों के पहले बैच को चर्चा और मतदान के वास्ते सूचीबद्ध किया है।




**चुनावी राजनीति में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के 50 साल पूरे होने के सम्मान में बुधवार को नयी दिल्ली स्थित जवाहर भवन में आयोजित सम्मान समारोह के मौके पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उन पर लिखी पुस्तक मल्लिकार्जुन खड़गे: पॉलिटिकल एंगेजमेंट विद कम्पैशन, जस्टिस एंड इनक्लूसिव डेवलपमेंट का विमोचन किया।**

## हाथ से बुने कपड़ों को ज्यादा पसंद करती है सोनम कपूर



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री सोनम कपूर हाथ से बुने कपड़ों को ज्यादा पसंद करती है। सोनम कपूर को हाथ से बने कपड़ों के प्रति गहरा लगाव है। सोनम कपूर ने फैशन और कपड़ों के संबंध में खरीदारी के बारे में कहा कि मुझे लंबे समय तक चलने वाले प्रोडक्ट रखना पसंद है। पुराने समय में, मेरी मां और दादी महंगी साड़ियों को मलमल के कपड़े में सुरक्षित रखती थीं, दर्जी माप के हिसाब से कपड़े बनाते थे, जूतियां हमारे पैरों में फिट होने के लिए बनाई जाती थीं। मैं भी वही कर रही हूं। मैं स्थानीय कारीगरों और हस्तनिर्मित वस्तुओं का इस्तेमाल करते हुए बड़ी हुई हूं। मैं जानबूझकर ऐसी वस्तुएं खरीदती हूं जो स्थानीय कारीगरों द्वारा बनाई जाती हैं।

# गुणवत्ता की संस्कृति बनाएं रक्षा निर्माता : राजनाथ




एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारतीय रक्षा निर्माताओं से सैन्य उपकरण एवं साजो सामान का उत्पादन करते समय गुणवत्ता की संस्कृति बनाने का आह्वान किया और इसे वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के लिए एक आवश्यक शर्त करार दिया। सिंह ने कहा कि गुणवत्ता सुनिश्चित करके ही भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग पैदा की जा सकती है। उन्होंने कहा कि इस तरह के दृष्टिकोण से देश को रक्षा विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनने में मदद मिलेगी।

रक्षा मंत्री रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के क्वालिटी कॉन्क्लेव के पूर्ण सत्र को संबोधित कर रहे थे। सिंह ने बताया कि जो देश गुणवत्तापूर्ण उत्पाद बनाते हैं, वे अपने उपकरण दुनिया भर में निर्यात करते हैं और भारत में रक्षा उपकरणों का अग्रणी निर्माता बनने की पूरी क्षमता है। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण रक्षा उत्पादों के निर्माण में लागत को नियंत्रित करने के महत्व को भी रेखांकित किया। सिंह ने कहा कि लागत को सीमित करने को अत्यधिक महत्व दिया जाना चाहिए; हालांकि यह गुणवत्ता की कीमत पर नहीं होना चाहिए। हमें विश्व स्तर पर लागत-प्रतिस्पर्धी होना होगा, लेकिन इसे शीर्ष-गुणवत्ता वाले खंड में बने रहकर करना होगा हमें इस दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना होगा। रक्षा मंत्री ने उच्च गुणवत्ता वाली सैन्य प्रणालियों के निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया जो प्रभावी, विश्वसनीय और सुरक्षित हों और सशस्त्र बलों को अपने मिशन को सफलतापूर्वक पूरा करने में सक्षम बना सकें।


सिंह ने दक्ष उद्योगों के प्रतिनिधियों को सिस्टम फॉर एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग असेसमेंट एंड रैंकिंग (एसएएमएआर) प्रमाणपत्र भी प्रदान किए।

**डीआरडीओ कॉन्क्लेव**

**▸▸ रक्षा मंत्री ने दक्ष उद्योगों के प्रतिनिधियों को दिया एसएएमएआर प्रमाणपत्र**

डीआरडीओ अध्यक्ष समीर वी कामत ने अपने संबोधन में गुणवत्ता प्रणाली प्रदान करने की डीआरडीओ की प्रतिबद्धता दोहराई। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक, कामत ने सभी हितधारकों से उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी सैन्य प्रणालियों में आत्मनिर्भरता की दिशा में दृढ़ संकल्प और तालमेल रखने का अनुरोध किया। मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, कॉन्क्लेव ने हितधारकों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वदेशी प्रणालियों के उत्पादन के लिए देश में एक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के वास्ते विशेषज्ञों के साथ नेटवर्क बनाने का अवसर प्रदान किया।

## आलिया को रोल मॉडल मानती हैं सुहाना खान



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान की बेटी सुहाना खान ,आलिया भट्ट को अपना रोल मॉडल मानती है। सुहाना खान फिल्म द आर्चीज से एक्टिंग के साथ सिंगिग डेब्यू भी करेंगी।सुहाना खान ने आलिया भट्ट की तारीफ करते हुए उन्हें अपना रोल मॉडल बताया हैं। द आर्चीज फिल्म की कहानी कॉमिक बुक कैरेक्टर आर्ची एंड्रयूज और उसके दोस्तों पर आधारित है।'द आर्चीज' 07 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'द आर्चीज' शरद देवराजन और रीमा कागती द्वारा टाइगर बेबी और ग्राफिक इंडिया के बैनर तले बनाई गयी है।

VERMA PRESS®

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 | English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !